दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 338
कोटद्वार शुक्रवार
21 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## अंकिता हत्याकांडः रिजॉर्ट कर्मी ने न्यायालय में दी गवाही, दूसरा गवाह नहीं हुआ हाजिर, तीनों आरोपी भी रहे मौजूद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अंकिता हत्याकांड में बृहस्पतिवार को एक गवाह ने कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) रीना नेगी की अदालत में बयान दर्ज कराए। दूसरा गवाह अदालत में हाजिर नहीं हुआ। अब गवाही के लिए अगली तिथि चार मई लगाई गई है। जिसमें गवाही के लिए तीन गवाहों को समन भेजा जा रहा है। गवाही और प्रति परीक्षा के दौरान तीनों हत्यारोपी पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर व अंकित गुप्ता अदालत में मौजूद रहे।



डीजीसी व इस मामले में नियुक्त विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बृहस्पतिवार को गवाही के लिए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य के रिजॉर्ट में हाउस कीपिंग का काम करने वाले खुशराज व दूसरे गवाह चंद्रकिरण को समन भेजा गया था। चंद्रकिरण अदालत में हाजिर नहीं हुआ।

केवल खुशराज के बयान दर्ज हुए। खुशराज ने पुलिस और एसआईटी को पूर्व में दिए बयान दोहराए। बताया कि वह और उसका भाई अभिनव घटना के चार दिन पूर्व ही काम करने के लिए वनंत्रा रिजॉर्ट में लगा था। उसने 18 सितंबर 2022 की शाम छह बजे रिजॉर्ट में अंकिता से छेड़छाड़ से लेकर आरोपियों के स्कूटी और बाइक पर निकलने की घटना का विस्तार से वर्णन किया। बयान दर्ज होने के बाद बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनुज पुंडीर, अमित सजवाण व रजत दुआ ने खुशराज की प्रति परीक्षा की। अंकिता हत्याकांड एसआईटी की ओर से 97 गवाह बनाए गए हैं। जिसमें अब तक 7 लोगों की गवाही हो चुकी है।

### अदालत परिसर में रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

अंकिता हत्याकांड के ट्रायल के दौरान तीनों आरोपी पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर व अंकित गुप्ता को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में अदालत में लाया गया था। गवाही के दौरान पूरे समय तीनों अदालत में मौजूद रहे। तीनों राज्य की अलग-अलग जनपदों की जेलों में न्यायिक अभिरक्षा में हैं। आरोपियों के अदालत में लाने से उनके वापस जाने तक परिसर में कड़ी पुलिस सुरक्षा मौजूद रही। कोर्ट के मुख्य द्वार पर किसी भी अनजान व्यक्ति को अंदर नहीं जाने दिया गया। यहां तक कि मीडिया को भी अदालत परिसर में जाने की मनाही थी।

## रैंस गांव में शराब पर लगाया प्रतिबंध

**चमोली।** नारायणबगड़ विकासखंड के रैंस गांव में बुधवार को महिला मंगल दल, युवक मंगल दल और प्रबुद्ध जनों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से गांव में बेची जा रही शराब पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया। यह भी निर्णय लिया गया की जो इस नियम का उल्लंघन करेगा उस पर 5000 का जुर्माना लगाया जाएगा।

साथ ही उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। नारायणबगड़ विकासखंड की रैंस गांव में बुधवार को ग्रामीणों के द्वारा एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में युवक मंगल दल महिला, मंगल दल एवं ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के द्वारा गांव में बेची जा रही शराब पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जो व्यक्ति गांव में शराब बेचते हुए पकड़ा जाएगा एवं शराब को गांव तक पहुंच आएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

## मुश्किलों में घिरे यो यो हनी सिंह, अपहरण और मारपीट के आरोप में केस दर्ज

**मुंबई, एजेंसी।** यो यो हनी सिंह पर मुंबई में एक व्यक्ति का अपहरण करने की शिकायत दर्ज हुई है।

विवेक रमन नाम के शख्स ने हनी सिंह और अन्य के खिलाफ मुंबई के बीकेसी पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी है। एक इवेंट कंपनी के मालिक विवेक रमन ने हनी सिंह और अन्य पर अपहरण, उन्हें बंदी बनाकर रखने और मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई है।

दरअसल इवेंट कंपनी के मालिक विवेक रमन ने हनी सिंह का मुंबई में फेस्टिवीना नामक कार्यक्रम बीकेसी में आयोजित कराया था, जो 15 अप्रैल को होना था। पैसे के लेनदेन में गड़बड़ी के चलते रमन ने शो को रद्द कर दिया जिसको लेकर दोनों में झगड़ा होन की बात कही जा रही है।

विवेक रमन ने आरोप लगाया है कि हनीं सिंह ने शो रद्द होने से नाराज होकर अपने साथियों के साथ उनसे मारपीट की और उनको किडनैप भी कर लिया। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि हनी सिंह ने उनको बंदी बनाकर रखा और मारपीट भी की।

## विस्थापन की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

नई टिहरी : टिहरी बांध की झील से उत्तरकाशी जिले के भल्डगांव में भूधसाव होने के कारण ग्रामीणों ने विस्थापन की मांग को लेकर डीएम दफ्तर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरु किया, लेकिन दोपहर बाद प्रभारी पुनर्वास अधिकारी के आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना स्थगित कर दिया। गुरुवार को उत्तराकाशी जिले के चिन्यालीसौड़ कस्बे से सटे भल्डगांव के ग्रामीणों ने विस्थापन की मांग को लेकर डीएम दफ्तर के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे गए।

ग्रामीण कमल लाल ने बताया कि टिहरी बांध झील के जलस्तर का लगतार हो रहा उतार चढ़वा होने के कारण उनके गांवों में भूधसाव हो रहा है, जिसके कारण ग्रामीणों के आवासीय भवनों में दरारें पड़ गई है। कहा कि इस संबंध में ग्रामीणों की ओर से कई बार जिलाधिकारी, पुनर्वास विभाग और टीएचडीसी के अधिकारियों को अवगत करवाया, लेकिन उनकी मांग को हर समय अनुसुना कर दिया गया, जिसके बाद ग्रामीणों को मजबूर होकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया टिहरी बांध की झील का एरिया उत्तरकाशी जिले के चिन्यालीसौड़ कस्बे तक फैला है,

## पुंछ-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैन्य वाहन में लगी आग, पांच जवानों की गई जान

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सैन्य वाहन में आग लगने से पांच जवानों की जान चली गई। अचानक हुए इस हादसे के बाद मौके पर सैन्य और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों के साथ मिलकर वाहन में लगी आग बुझाकर राहत और बचाव अभियान चलाया।

घने जंगल वाले भाटादूडियां इलाके में लगी सैन्य वाहन में आग की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्राथमिक तौर पर आसमानी बिजली गिरने से घटना होने की आशंका जताई जा रही है। उधर, जिस इलाके में यह हादसा हुआ है वहां पिछले साल आतंकियों और सैन्य कर्मियों के बीच कई दिन तक मुठभेड़ भी हुई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुंछ और राजोरी जिले की सीमा पर भाटादूडियां इलाके में वीरवार दोपहर को यह हादसा



हुआ। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। उन्होंने बताया कि पुंछ-जम्मू नेशनल हाईवे पर सैन्य वाहन कुछ सामान लेकर जा रहा था।

इसमें जवान सवार थे। अचानक आग लगने के बाद जवान बुरी तरह से झुलस गए। इसमें से पांच ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटनास्थल पर पहुंचे सेना के अधिकारियों और जवानों ने से झुलसे साथियों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। सेना प्रवक्ता ने लोगों ने इस घटना की तस्वीरें और वीडियो को शेयर न करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हादसे की पुष्टि के बाद पुख्ता जानकारी साझा की जाएगी।

## विधानसभा क्षेत्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें : सीएम

### राज्य के समग्र विकास में सबकी भागीदारी जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** विभागीय अधिकारी विधानसभा क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए, उनका समाधान करें। राज्य के समग्र विकास के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करना होगा। जिलाधिकारी भी जनपदों में समय-समय पर विधायकों के साथ बैठक कर उनके क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करें। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में विधानसभा क्षेत्र यमुनोत्री, बद्रीनाथ, प्रतापनगर, चकराता, ज्वालापुर, भगवानपुर, झबरेड़ा, पिरान कलियर, मंगलौर, लक्सर, खानपुर एवं हरिद्वार ग्रामीण की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये।



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सचिवालय में बैठक को संबोधित करते हुए।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाई जाय। यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रीष्म काल में लोगों को पेयजल की किल्लत न हो। विकास कार्यों में तेजी लाने तथा क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी कार्यों की प्रगति को देखने के लिए अधिकारियों को क्षेत्र आवंटित करें एवं समय-समय पर स्वयं निरीक्षण करें। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से तहसील स्तर पर भी आवश्यक उपकरणों एवं मानव संसाधन की पूरी व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कृषि, बागवानी, पर्यटन, उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सराकर द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिक्षा, कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। लोगों की आजीविका में वृद्धि के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में विधायकों द्वारा सड़कों के निर्माण एवं सुदृढ़कीरण, पेयजल के लिए हैण्डपम्पों की आवश्यकता, पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने, बाढ़ सुरक्षा के कार्य, कूड़ा निस्तारण की समस्या, ड्रेनेज एवं सीवरेज की समस्या एवं अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकों द्वारा जो भी जन समस्याएं रखी गई हैं, उनका हर संभव समाधान किया जायेगा।

बैठक में विधायक प्रीतम सिंह, ई. रवि बहादुर, श्रीमती ममता राकेश, वीरेन्द्र कुमार, फुरकान अहमद, सरवत करीम अंसारी, शहजाद, श्रीमती अनुपमा रावत, संजय डोभाल, विक्रम सिंह नेगी, राजेन्द्र सिंह भण्डारी, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, नितेश झा, बीवीआरसी पुरूषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, एचसी सेमवाल, दीपेन्द्र चौधरी, डॉ. आर राजेश कुमार, शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी, विभिन्न विभागीय अधिकारी, वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## पति ने पत्नी को मौत के घाट उतारा

**विकासनगर।** कालसी तहसील के फटेऊगांव में धारदार हथियार से गला रेत कर पति ने पत्नी की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही तहसीलदार कालसी के नेतृत्व में राजस्व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आरोपी पति गजेंद्र सिंह चौहान को गिरफ्तार कर लिया। महिला के शव के पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। तहसीलदार का कहना है कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। बताया कि आरोपी पति ने हत्या करना स्वीकार किया है।

गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे तहसील प्रशासन को फटेऊ गांव में एक महिला की हत्या होने की सूचना मिली। जिस पर तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पता चला कि फटेऊ गांव निवासी गजेन्द्र



सिंह चौहान ने चार साल पहले दूसरी शादी की थी। गजेन्द्र गुरुवार को अपने घर पर पत्नी गुड्डी देवी (35) वर्ष व ढाई साल की बेटी के साथ मौजूद था। किसी बात को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गयी। जिस पर गजेन्द्र सिंह गुस्से में आकर घर से बाहर आया जबकि गुड्डी देवी अपनी बेटी के साथ सो गई। इसी बीच गजेन्द्र सिंह धारदार हथियार लेकर घर में घुसा और पत्नी की गर्दन रेत कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जंगल की ओर भाग गया।

मां की हत्या के बाद बच्ची की नींद टूट गई। इसके बाद वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर हत्यारोपी गजेंद्र सिंह के छोटे भाई उदयवीर सिंह की पत्नी जैसे ही घर के अंदर घुसी तो जेठानी गुड्डी देवी का खून से लथपथ शव दिखाई दिया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर उदयवीर सिंह भी घर के अंदर गया। बाद में उसने सूचना गांव के लोगों को दी। सूचना मिलने पर तहसीलदार सुशीला कोठियाल के नेतृत्व में राजस्व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। तहसीलदार कालसी सुशीला कोठियाल ने बताया कि मृतक महिला के मायके वालों को सूचना दे दी गई है। बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से आरोपी को गांव के समीप जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। बताया कि हत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रथम दृष्टया पति-पत्नी के बीच कहासुनी होने की बात सामने आयी है। कहा कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। इस मौके पर राजस्व उपनिरीक्षक मोतीलाल जिन्नाटा, भेपालदास, प्यारे लाल शर्मा, साधूसिंह चौहान, मीनाक्षी व शिवानी आदि शामिल रहे।

## भगवंत मान सख्त: वसूला जाएगा 55 लाख का बिल

**जालंधर (पंजाब), एजेंसी।** बाहुबली मुख्तार अंसारी का मुद्दा पंजाब के जालंधर उपचुनाव में मुद्दा बन गया। सीएम भगवंत मान ने गुरुवार को एक जनसभा में मुख्तार अंसारी के मुद्दे को उठाया और पुरानी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अंसारी को बचाने के लिए पंजाब सरकार ने महंगे वकील किए और 55 लाख का बिल वकीलों का बना है। मान ने कहा कि मैंने तो फाइल ही वापस मोड़ दी। मैं खजाने से पैसा नहीं दूंगा। कानूनी राय लेकर जिन मंत्रियों ने अंसारी की मदद की, उनसे पैसा वसूला जाएगा। सीएम मान ने कहा कि पंजाब के खजाने का थानेदार अच्छा है, यही वजह है कि पंजाब में आर्थिक व्यवस्था पटरी पर है। बिजली बोर्ड की सब्सिडी का पूरा बकाया 20 हजार करोड़ चुकाया जा चुका है।

## केदारनाथ यात्रा तैयारी में मौसम बना बाधक

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ में इस बार मौसम लगातार यात्रा तैयारियों में बाधक बन रहा है। गुरुवार को केदारनाथ पैदल मार्ग पर कुबेर और भैरव गदेरे के बीच हिमखंड टूटने से बर्फ रास्ते में आ गई जिससे आवाजाही बंद हो गई। हालांकि जिला प्रशासन के निर्देशों पर डीडीएमए लोनिवि ने रास्ता खोलने के लिए मजदूरों की टीम को मौके पर भेज दिया है।

बीते दो दिनों से हो रही बारिश और बर्फबारी के चलते यात्रा तैयारियों में जुटे विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही व्यापारी, होटल कर्मी एवं तीर्थपुरोहितों को मुश्किलें हो रही है। केदारनाथ धाम में डेढ़ से दो फीट बर्फ गिरी है। इससे यात्रा तैयारियों को व्यवस्थित करने में दिक्कतें पेश आ रही है। हालांकि स्थानीय कारोबारी और मजदूर खराब मौसम में भी कार्य में जुटे हैं।

गुरुवार को गौरीकुंड से लिंचौली तक यात्रा तैयारियां लगातार जारी रही किंतु कुबेर और भैरव गदेरे के बीच हिमखंड टूटने से आई बर्फ के कारण आवाजाही नहीं हो सकी। कई जरूरी सामान भी केदारनाथ नहीं पहुंचाया जा सका। इधर, यात्रा को करीब आते देख यात्रा संबंधी विभागों ने बारिश में भी अपना काम जारी रखा। लोनिवि के ईई प्रवीण कर्णवाल ने बताया कि बर्फबारी बंद होते ही रास्ता खोल दिया जाएगा। करीब 30 मजदूरों की टीम मौके पर भेज दी गई है।

## ट्रांजिट कैंप में युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, प्रिंस बाबू (22 वर्ष) पुत्र छेद लाल ने बुधवार रात घर की तीसरी मंजिल पर पंखे के कुंडे में फंदा बनाकर फांसी लगा ली। थोड़ी देर बाद परिजन पहुंचे तो उनहोश उड़ गए। परिजन आनन-फानन में उसे फंदे से उतार अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे एसआई पूरन सिंह ने जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमोर्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। युवक नशे का आदी था। 15 दिन पहले भी उसने आत्महत्या के इरादे से हाथ की नस काट ली थी।

## नरोदा गाम हत्याकांडः विशेष अदालत ने सुनाया फैसला, सभी आरोपियों को बताया निर्दोष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात के नरोदा पटिया नरसंहार मामले में आज अहमदाबाद की विशेष अदालत फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में सभी आरोपियों को निदोष बताया है। 21 साल पहले हुए एक दंगे में कुल 11 लोग मारे गए थे, जिसके बाद पूर्व राज्य मंत्री समेत 82 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

हालांकि, इसमें से 18 लोगों की मौत हो चुकी है। रक्ळ मामलों के विशेष जज एस के बक्शी की बेंच 20 अप्रैल यानी आज 68 आरोपियों के खिलाफ फैसला सुनाया, जिसमें सभी को




निदोष करार दिया गया। आज का दिन नरोदा गांव मामले के लिए काफी अहम रहा।

दरअसल, 2002 में गोधरा कांड हुआ था, जिसमें 11 कारसेवकों समेत 58 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अगले दिन वीएचपी ने बंद बुलाया गया था, सुबह ही लोग अपनी दुकानें बंद कर के भागने लगे, अपने घरों में ताला लगा लिया और सड़क पर जितने लोग मौजूद थे, वो इधर-उधर भागने लगे।

दरअसल, बंद का आह्वान कर रहे लोगों ने पथराव और आगजनी शुरू कर दी। देखते-ही-देखते नरोदा गांव का पूरा हुलिया बदल गया था। इस दौरान नरोदा गांव और नरोदा पटिया दोनों ही क्षेत्र प्रभावित हुए थे, इस दौरान कुल 97 लोगों के मौत की खबर सामने आई थी।

लगभग 10 घंटे तक चले इस नरसंहार के बाद पूरे गुजरात में दंगे फैल गए थे। इस मामले में रक्ळ ने जांच शुरू की और पूर्व राज्य मंत्री माया कोडनानी को मुख्य आरोपी बताया। दंगे ने इतना भयानक रूप ले लिया था कि 27 शहरों और कस्बों में कर्फ्यू लगाना पड़ा था, क्योंकि वहां के लगभग तमाम मुस्लिमों के घरों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया था।28 फरवरी, 2002ः गोधरा कांड के बाद वीएचपी ने बंद का आह्वान किया था। इसी दौरान पूरे क्षेत्र में दंगे फैल गए थे। दंगे में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया था, उनके घरों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया था।2009 में शुरू हुई कार्रवाईः इस मामले में सुनवाई साल 2009 में शुरू की गई थी। इसमें लगभग पूर्व राज्य मंत्री समेत 82 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। लगभग 13 सालों से चल रहे इस मामले में अब तक 187 लोगों से पूछताछ की गई है, जबकि 57 चश्मदीद के बयान दर्ज किए गए थे। इसमें पीड़ित, डॉक्टर, स्थानीय दुकानदार आदि शामिल हैं। 2012 में सुनाई गई थी सजाः साल 2012 में विशेष अदालत ने भाजपा विधायक और पूर्व राज्य मंत्री माया कोडनानी और बाबू बजरंगी को हत्या और हिंसा का मुख्य आरोपी माना।

## डीएम ने किया ग्राम प्रधान बणास तल्ला को निलंबित

**पौड़ी** : जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान ने यमकेश्वर ब्लाक की ग्राम पंचायत बणास तल्ला की ग्राम प्रधान को जांच में पाई गई वित्तीय अनियमितताओं के बाद निलंबित कर दिया है। डीएम ने वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगा दी है। अंतिम जांच पीडी डीआरडीए को सौंपते हुए ग्राम पंचायत के कामों का जिम्मा तीन सदस्यीय समिति को सौंपा गया है। इस मामले में ग्रामीणों ने प्रधान पति द्वारा करवाएं गए निर्माण और विकास कार्यों को लेकर शिकायत की थी। शिकायत की एडीएम को जांच सौंप गई, जिसमें प्रथम दृष्टा वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि हुई। ग्राम पंचायत बणास तल्ला की ग्राम प्रधान संगीता देवी के विरुद्ध जांच के बाद यह कदम उठाया गया है। ग्राम पंचायत में प्रधान पति ने जो निर्माण और विकास कार्य करवाएं उसको लेकर ग्रामीणों ने शिकायत जिलाधिकारी से शिकायत की थी। जांच में पाया गया कि मनरेगा योजना में श्रमिक की मौत के बाद भी मजदूरी दर्शाई गई और 5278 रुपए का भुगतान गलत किया गया। मनरेगा योजना में ही काम जहां प्रस्तावित था, उसे वहां नहीं करवाया गया। वहीं ग्राम पंचायत के मल्ल तलाई में बिना प्रस्ताव के ही यात्री शैड को तोड़ दिया गया और यहां 1.80 लाख की लागत से नया शैड बनाया गया।

# आधुनिक चुनौतियों के साथ अच्छी शिक्षा देना शिक्षकों का पहला कर्तव्य : दलीप

### राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की ओर से आयोजित गोष्ठी में बोले विधायक , गोष्ठी में सेवानिवृत्त हुए 28 शिक्षकों को सम्मान पत्र देकर किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : लैंसडौन विधायक दलीप रावत ने कहा कि आधुनिक चुनौतियों के साथ अच्छी शिक्षा देना ही शिक्षकों का पहला कर्तव्य है। हम सभी को एकजुट होकर शिक्षित समाज निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस दौरान सरकारी विद्यालयों में कम हो रही छात्र संख्या पर भी चिंता व्यक्त की गई। शिक्षकों ने सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का संकल्प लिया।

गुरुवार को राजकीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जनपद पौड़ी की ओर से बद्रीनाथ मार्ग स्थित नगर निगम प्रेक्षागृह में जनपद स्तरीय शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ लैंसडौन विधानसभा विधायक महंत दलीप रावत ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माण में गुरू का अहम योगदान होता है। गुरूजनों द्वारा दी गई उत्तम शिक्षा को आत्मसात कर ही क्षेत्र के युवा देश की सेवा कर रहे हैं। वर्तमान में चुनौतियों के साथ अच्छी शिक्षा प्रदान करना ही शिक्षकों का पहला कर्तव्य होना चाहिए। गोष्ठी के प्रथम चरण में संघ के प्रांतीय एवं जनपद प्रतिनिधियों ने नवीन शैक्षिक सत्र में छात्र संख्या वृद्धि के उपाय, विद्या सेतु पाठ्यक्रम, नवीन खाता संचालन प्रणाली की समस्याएं एवं शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार मंथन किया। द्वितीय चरण में विधायक दलीप रावत ने शैक्षिक सत्र 2022-23 में जनपद पौड़ी के विभिन्न राजकीय जूनियर हाई स्कूलों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को सम्मान पत्र प्रदान



कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते विधायक दलीप सिंह रावत

किया। ब्लॉक एकेश्वर से सकलानंद बहुगुणा, विकासखंड कोट से देवेंद्र उनियाल, खिर्सू से गुड्डी घिल्डियाल, तोताराम चमोली, विकास खंड पाबौ से रोशन केष्टवाल, आनंद सिंह रावत, विकासखंड नैनीडांडा से सत्यपाल सिंह यादव, अनिल नैथानी, राजेंद्र सिंह चौहान, रिखणीखाल से मनोहर सिंह रावत, जयहरीखाल से अजय पाल सिंह रावत, सुरेंद्र जखमोला, बीरोंखाल से अनूप असवाल, दुगड्डा से सत्यपाल सिंह बिष्ट, गुमान सिंह नेगी, शशि राणा, केसर सिंह तोमर, सैयद कमर अब्बास, राजकुमार रौतेला, सुलोचना काला, बासवानंद ध्यानी और जगदीश प्रसाद जिज्ञासु को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षक गिरीश चंद्र सुंद्रियाल, संस्कृति और साहित्य क्षेत्र में धर्मेंद्र सिंह नेगी और खेल प्रतिभाओं को निखारने हेतु कमल उप्रेती को और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों को प्रदेश स्तर तक प्रतिभाग कराने हेतु बिपिन चौहान के साथ एनएमएमएसएस में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले राजकीय जूनियर स्कूल तूनीखाल के छात्र अंशुमन को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर सिंह राणा, दीवान सिंह रावत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विक्रम सिंह रावत, प्रदेश संगठन मंत्री हेमंत गैरोला, पौड़ी के जिलाध्यक्ष भगत सिंह भंडारी, जिला मंत्री मुकेश काला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पदमेंद्र लिंगवाल, विजय लक्ष्मी कोटवाल, अंजली रावत, भोपाल सिंह रावत, कोषाध्यक्ष पवन देवीलाल, संयुक्त मंत्री विपिन रांगण, विपिन चौहान, राकेश चौहान, भूपेंद्र सिंह रावत, मनमोहन सिंह चौहान, महेंद्र सिंह, संतोष कुमार, मेहरबान सिंह बिष्ट, सुरेंद्र सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह नेगी, हुकम सिंह, दिनेश नेगी, अरविंद आलोक, उमा बुड़ाकोटी, नागेंद्र डोबरियाल, अरुण कुकरेती, दीपक बर्थवाल, महिमानंद जखमोला, चंद्रमोहन बिष्ट, जागृति कुकरेती, जयपाल भंडारी, जयचंद आर्य, सूरज मोहन रावत, सिद्धार्थ कुमार, अनिल बलूनी, प्रदीप बलूनी, मनोज रावत, अनिल कोटनाला, उमेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। मंच संचालन सुरजीत सिंह गुसाईं द्वारा किया गया।

# जिला विकास प्राधिकरण को दोबारा लागू करने का विरोध

### उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से आयोजित की गई बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड क्रांति दल ने जिला विकास प्राधिकरण को दोबारा लागू करने का विरोध किया है। कहा कि प्रदेश सरकार जनविरोधी नीतियां अपनाकर जनता को शोषण कर रही है। उक्रांद ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जन आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है।

गुरुवार को उक्रांद महानगर की कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल कोटद्वार नगर निगम निर्माण व जिला विकास प्राधिकरण को लागू करने का विरोध करता है। इनके निर्माण से जनता का शोषण और जनता के ऊपर तरह-तरह के कर लगाए जा रहे हैं। उत्तराखंड क्रांति दल ने नगर निगम के निर्माण के विरोध में बहुत बड़े स्तर पर जन आंदोलन चलाया था। इसके लिए 73 गांव वासियों ने 7000 आपत्ति पत्र भी प्रस्तुत किए थे, परंतु सरकार ने अपनी तानाशाही के बल पर नगर निगम का गठन कर दिया। जनता से वादा किया गया था कि दस वर्ष तक नगर निगम उनसे किसी भी तरह का टैक्स नहीं वसूलेगा। लेकिन, नगर निगम बनने के बाद राज्य सरकार ने नगर निगम क्षेत्र कोटद्वार की जनता से हाउस टैक्स और जिला विकास प्राधिकरण को लागू करके जनता के साथ धोखा किया है। कपरवाण ने कहा कि उक्रांद ने इसके विरुद्ध संघर्ष किया। जनहित में आंदोलन किया फलस्वरूप सरकार को टैक्स रोपण को वापस लेना पड़ा। लेकिन वर्तमान में राज्य सरकार पुनः जिला विकास प्राधिकरण और हाउस टैक्स को लागू करना चाहती है। उत्तराखंड क्रांति दल इसका विरोध करेगा। सरकार का जनता के साथ वादा है कि 10 वर्षों तक राज्य सरकार व नगर निगम प्रशासन कोटद्वार की जनता से किसी भी प्रकार का टैक्स




कोटद्वार में आयोजित बैठक में भाग लेते उक्रांद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ।

वसूली नहीं करेंगे। इसलिए उत्तराखंड क्रांति दल जनहित में सरकार से टैक्स को वापस लेना के लिए कहेगा। दल के केंद्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने राज्य सरकार से मांग की है कि शीघ्र मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डे का निर्णय लिया जाए। नगर में जो संपत्ति बर्बाद हुई उसकी वसूली दोषी नेताओं व अधिकारियों से की जानी चाहिए। महानगर अध्यक्ष जग दीपक सिंह रावत ने कहा कि लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग का निर्माण भी अब तक नहीं हो पाया है। कहा कि उत्तराखंड की जीवन रेखा सड़क रामनगर-कालागढ़-कोटद्वार चिल्लर खाल को नेशनल हाईवे के रूप में बनाया जाना चाहिए। केंद्रीय संगठन मंत्री हरीश द्विवेदी ने कण्वआश्रम को राष्ट्रीय तीर्थ के रूप में विकसित करने की मांग उठाई। महानगर उपाध्यक्ष रमेश चंद्र कोठारी ने कोटद्वार में मेडिकल कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज निर्माण की मांग उठाई। महानगर महामंत्री सर्वेंद्र काला ने नगर निगम क्षेत्र में सड़कों पर हुए खड्डे की मरम्मत करने की मांग उठाई। इस मौके पर पितृशरण जोशी, दर्शन सिंह नेगी, यतेंद्र भट्ट, सुखदेव शास्त्री, लक्ष्मी बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 236 लोगों ने कराई जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल सतपुली में आयोजित तीन दिवसीय जनरल सर्जरी स्त्री रोग जांच शिविर गुरूवार को सम्पन्न हो गया है। शिविर के अन्तिम दिन जनरल सर्जरी व स्त्री जांच के कुल 236 मरीजों स्वास्थ्य लाभ लिया।

शिविर में गुरुवार को जनरल सर्जन डॉ. अरुणेश दुबे व डॉ. मयंक सिंह द्वारा हर्निया, पाइल्स, पथरी, स्तन कैंसर, शरीर में गांठ, एवं पेट से संबंधित जुड़ी बीमारियों के 153 मरीजों का परीक्षण किया। वही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा शर्मा द्वारा गर्भवती परामर्श, बच्चेदानी की रसौली, बच्चेदानी का ऑपरेशन एवं हर प्रकार के स्त्री रोगो के 83 मरीजों का परीक्षण किया। शिविर में 48 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिनका अस्पताल में दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन किया जायेगा। शिविर में अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एक्सरे खून की जांचे भी निःशुल्क की गई ।

## आपदा से बचाव को जनता का जागरूक होना जरूरी



कोटद्वार में आमजन को आपदा से बचाव के तरीके बताते अग्निशमन कर्मी

**कोटद्वार** : अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत दमकल विभाग ने आमजन को आग सहित अन्य आपदाओं से बचाव के गुर सिखाए। इस दौरान दमकल कर्मियों ने जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की। कहा कि आपदा से बचाव के लिए जनता का जागरूक होना आवश्यक है।

अग्निशमन अधिकारी सुरेश चंद्र के नेतृत्व में मोटाढांक, देवरामपुर, शिवराजपुर क्षेत्र में चौपाल का आयोजन किया गया। अग्निशमन अधिकारी ने लोगों को आग लगने के मुख्य कारणों के बारे में बताया। कहा कि गर्मी के दौरान आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को आग से बचाव के प्रति जागरूक होना जरूरी है। कहा कि कहीं भी आग की घटना होने पर इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दें। चौपाल में अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की भी जानकारी दी गई। दमकल कर्मियों ने भूकंप सहित अन्य आपदाओं से बचाव के तरीके भी बताए। इस दौरान आग व अन्य आपदाओं से बचाव के पत्रक भी वितरित किए गए।

# बेस अस्पताल की व्यवस्थाओं में करें सुधार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पूर्व राज्य मंत्री जसवीर राणा ने बेस चिकित्सालय से हटाए गए कोविड स्टाफ की बहाली और शेष रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग की है। कहा कि बेस अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए।

इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि कोटद्वार अस्पताल से पहाड़ तथा भाबर सहित क्षेत्रीय जनता को चिकित्सा सेवा मिलती है। चिकित्सालय में 6 से 8 सौ मरीज प्रतिदिन उपचार हेतु आते हैं, लेकिन चिकित्सालय में अधिकांश पदों के रिक्त होने के कारण मरीजों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त नहीं हो पा रही हैं। चिकित्सालय रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। वहीं कोविड-काल के दौरान नियुक्त कोविड स्टाफ की सेवाओं के समाप्त कर दिए जाने के कारण चिकित्सालय की व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है। चिकित्सालय में विशेष चिकित्सक, चिकित्सक, टेक्नीशियन, नर्सेज सहित तकनीकी व अन्य स्टाफ की भारी कमी है, जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए, अस्पताल में स्टाफ की नियुक्ति की जानी चाहिए। इस अवसर पर देवेन्द्र भट्ट, प्रेम सिह पयाल, महेश नेगी, विनोद रावत, अतुल नेगी, योगेन्द्र रावत आदि मौजूद थे।



उपजिलाधिकारी के माध्मय से राज्यपाल को ज्ञापन भेजते सदस्य

## एडी माध्यमिक शिक्षा ने जारी किया रोस्टर

**पौड़ी** : अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा देहरादून का प्रभार देख रहे अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल महावीर सिंह बिष्ट ने मंडल मुख्यालय पौड़ी के साथ-साथ निदेशालय देहरादून के कार्यों के संपादन के लिए रोस्टर जारी कर दिया है। एडी महावीर सिंह बिष्ट ने बताया कि सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में फरवरी माह में मंडल मुख्यालय के स्वरूप को पुन बहाल करने व पौड़ी गढ़वाल के सर्वांगीण विकास के लिए बैठक की थी। सीएम ने अतिरिक्त प्रभार वाले अधिकारियों को रोस्टर निर्धारित करते हुए रोस्टर के अनुसार कार्यालय में उपलब्ध रहने के आदेश दिए थे। जिस पर रोस्टर जारी कर दिया गया है। वे प्रत्येक माह के पहले दिन से 10 दिन तक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय देहरादून, प्रत्येक माह की 11 से 15 तारीख तक मंडल मुख्यालय पौड़ी, 17 से 25 तारीख तक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय देहरादून और माह की 26 तारीख से माह के अंतिम कार्यदिवस तक मंडल मुख्यालय पौड़ी के कार्यालय में बैठेंगे।

# पोस्टर प्रतियोगिता में श्वेता कंडारी रही प्रथम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारत द्वारा की जा रही जी-20 की अध्यक्षता के उपलक्ष में डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में श्वेता कंडारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गुरुवार को आईक्यूएसी प्रकोष्ठ एवं चित्रकला विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सुंदर चित्रों का सृजन किया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने विचारों को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में श्वेता कंडारी (बी.एड. प्रथम सेमेस्टर, स्ववित्तपोषित) ने प्रथम, प्रियंका चौधरी (बी.एड. प्रथम सेमेस्टर, स्ववित्तपोषित) ने द्वितीय तथा गायत्री (बी.एड. प्रथम सेमेस्टर, स्ववित्तपोषित) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो० मुरलीधर कुशवाहा ने छात्र-छात्राओ को जी-20 में भारत की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. एसके गुप्ता, डॉ. नीता भट्ट ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. विनोद सिंह, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. शोभा रावत, डॉ. सुनीता नेगी, डॉ. अमित गौड़, डॉ. संदीप किमोठी, डॉ. प्रवीण जोशी, डॉ. योगिता, डॉ. तनु मित्तल, डॉ. एसके गुप्ता, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. मीनाक्षी वर्मा, डॉ. मुकेश रावत आदि मौजूद रहे।



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र

## मुक्त विवि की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 28 अप्रैल तक चलेगी

**पौड़ी** : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय बीएससी व एमएससी विज्ञान विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षा शुरू हो गई। बीजीआर परिसर पौड़ी में जंतु, भौतिक, विज्ञान, वनस्पति और रसायन विभाग की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की कार्यशाला 28 अप्रैल तक आयोजित होगी। उत्तराखंड मुक्त विवि के क्षेत्रीय निदेशक एवं पौड़ी परिसर में जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. एके डोबरियाल ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा में छात्र-छात्राओं का विद्यार्थियों द्वारा पूरे सत्र में किए प्रायोगिक कार्यों को कार्यशाला में परखा जाएगा। जिसमें विज्ञान की नई तकनीकि से अवगत कराया जाएगा। बताया कि विभिन्न विषयों के सेमेस्टर के 80 विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा 18 से 28 अप्रैल तक चलेगी। कार्याशाला में परिसर निदेशक एवं विभागाध्यक्ष रसायन विभाग प्रो. पीपी वडोनी, विभागाध्यक्ष भौतिक विज्ञान प्रो. एससी गैरोला, विभागध्यक्ष वनस्पति विज्ञान प्रो. आर डंगवाल, अध्ययन समन्वयक एवं रसायन विज्ञान के प्रो. एमसी पुरोहित, डॉ. वीपी बलोदी विभिन्न विभागों के अन्य प्राध्यापक सहयोग कर रहे है। इस पर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की समन्वयक डॉ. पूजा जुयाल, डॉ. दीप प्रकाश द्वारा विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा रहा है।

## वार्षिकोत्सव 22 व 23 को

कोटद्वार । आर्य समाज ध्रुवपुर की ओर से समाज का 71वां वार्षिकोत्सव 22 व 23 अप्रैल को मनाया जायेगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आर्य जगत के प्रसिद्ध विद्वान अनुज शास्त्री और भजनोपदेशिका आचार्य निकिता आर्य वेद प्रवचन व भजन प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी देते हुए समाज के प्रधान सुखदेव शास्त्री ने आम जन से कार्यक्रम में प्रतिभाग कर पुण्य अर्जन करने की अपील की है

## स्वरोजगार के लिए 23 आवेदकों को मिलेगा लोन

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में जनपदीय स्तरीय योजनाओं की चयन समिति द्वारा पर्यटन विभाग की दीन दयाल उपाध्याय होमस्टे योजना और बीर चंद्र सिंह गढ़वाली वाहन-गैर वाहन मद योजना के प्राप्त आवेदकों का इंटरव्यू लिया गया। योजनाओं के अंतर्गत 23 लाभार्थियों का चयन किया गया। चयन समिति के समक्ष दीन दयाल उपाध्याय होमस्टे योजना के तहत 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से इंटरव्यू में 6 आवेदकों का चयन किया गया। बीर चंद्र सिंह गढ़वाल गैर वाहन मद (होटल रेस्टोरेंट इत्यादि) में 3 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से इंटरव्यू के लिए 2 आवेदक उपस्थित हुए और दोनों का चयन किया गया। वाहन मद में 22 आवेदनों में से 19 आवेदक इंटरव्यू के उपस्थित हुए, जिसमें से 15 लाभार्थियों का चयन किया गया। जिला चयन समिति द्वारा आवेदकों से संबंधित योजना के मद से संबंधित अनुभव, जानकारी, वास्तविक जरूरत, आवेदक के चरित्र, पूर्व के वित्तीय डिफॉल्टर इत्यादि विभिन्न पक्षों को ध्यान में रखते हुए आवेदकों का चयन किया गया। लाभार्थी चयन समिति में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, डीडीएम नावार्ड हिमांक शर्मा, भूपेंद्र सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री, आरआई परिवहन विभाग आनन्द वर्धन, सहायक प्रबंधक उद्योग माधो सिंह, सहायक लीड बैंक अधिकारी भूपेश नौटियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हादसे के आठ दिन बाद भी बाघ पकड़ने में नहीं मिली सफलता

### वन विभाग ने डल्ला गांव में लगाए लाइव कैमरे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : धुमाकोट और रिणीखाल तहसील क्षेत्र के बाघ प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों में बाघ की दहशत बनी हुई है। हादसे के आठ दिन बाद भी बाघ को पकड़ने में अभी तक कोई सफलता हाथ लग नहीं पाई। बाघ के एक के बाद दो हमलों के कारण यहां जनजीवन अस्त-व्यस्त है। प्रशासन ने पहले ही 25 से अधिक गांवों के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद करवाते हुए यहां धारा 144 के साथ ही रात्रि कर्फ्यू लगाया हुआ है। वन विभाग की बाघ को पकड़ने की अभी तक की रणनीति सफल नहीं हुई है। वन विभाग ने डल्ला गांव में अब की गतिविधि पर नजर रखने के लिए चार लाइव कैमरे लगाए है। ताकि बाघ की लोकेशन का आसानी से पता लगाया जा सके।

वन विभाग के साथ ही राजस्व विभाग की टीमें भी यहां तैनात की गई है। डल्ला में सक्रिय बाघ को पकड़ने के लिए मचान को भी बनाया गया, लेकिन बाघ मचान के आस-पास आया नहीं। ड्रोन और ट्रैपिंग कैमरों के बाद अब यहां वन विभाग ने चार लाइव कैमरे लगाएं हैं। अभी तक इस क्षेत्र में 20 ट्रैपिंग कैमरों के जरिए घूम रहे बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। ट्रैपिंग कैमरों के डाटा लेने के बाद ही बाघ की गतिविधि के बारे में पता चल रहा था, लेकिन अब लाइव कैमरे लग जाने के बाद बाघ की लोकेशन का पता करने में कोई समय जाया नहीं होगा। वन महकमा बाघ को ट्रैंक्यूलाइज करने की कोशिश कर रहा है ताकि इस क्षेत्र को बाघ के आंतक से निजात दिलाई जा सके, लेकिन अभी तक इसमें सफलता नहीं मिली है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वनिल अनिरुद्ध ने बताया कि बाघ की गतिविधियों पर टीमें लगातार नजर रख रही है।

टीमों को यहां शिफ्ट में तैनात किया जा रहा है और हर दिन रणनीति भी बदली जा रही है। डीएफओ के मुताबिक बाघ के फुट प्रिंट मिले हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यहां दो बाघ हैं। जिसमें एक मादा और दूसरा नर है। बताया कि बाघ प्रभावित क्षेत्र डल्ला में अब वन्य जीव विशेषज्ञों की टीम भी आ रही है, जो बाघ की गतिविधि को लेकर पूरी जानकारी जुटाएगी। टीम से काफी मदद मिलने की उम्मीद है।

उत्तराखण्ड शासन

# देवभूमि उत्तराखण्ड

G20 भारत 2023 INDIA | आज़ादी का अमृत महोत्सव
















## चारधाम यात्रा में

### पधारने वाले सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन



"चारधाम यात्रा के दौरान देवभूमि आने वाले श्रद्धालुओं खास तौर पर बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों की सुविधा के दृष्टिगत सरकार द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। हमारी सरकार आपकी यात्रा को सुखद, सुगम और पर्यटक के अनुभव को यादगार बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा विकास के लिए हर संभव प्रयास करना। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

### महत्वपूर्ण सूचना

- पंजीकरण करते हुए कृपया सही मोबाइल नंबर प्रदान करें
- सभी तीर्थयात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा शुरु करने से पहले अपनी चिकित्सकीय जांच कराएं
- क्षेत्र और जलवायु के साथ खुद को ढालने के लिए अपनी यात्रा की योजना बनाएं
- greencard.uk.gov.in पर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाएं

### पंजीकरण के लिए

- registrationandtouristcare.uk.gov.in
- +91-8394833833 (Type 'yatra' on WhatsApp)
- Toll Free number 0135 1364
- Download the App: touristcareuttarakhand

**पंच केदार** — केदारनाथ | तुंगनाथ | रुद्रनाथ | मध्यमहेश्वर | कल्पेश्वर

**पंच बद्री** — बद्रीनाथ/विशाल बद्री | योगध्यान बद्री | भविष्य बद्री | वृद्ध बद्री | आदि बद्री

**पंच प्रयाग** — विष्णुप्रयाग | नंदप्रयाग | कर्णप्रयाग | रुद्रप्रयाग | देवप्रयाग

### मानसखण्ड मंदिर माला मिशन



मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चारधाम की तर्ज पर मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के प्रथम चरण में कुमाऊं के 16 मंदिरों को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है।

#### मानसखण्ड मंदिर माला के अंतर्गत आने वाले प्रथम चरण के पौराणिक मंदिर

जागेश्वर महादेव | चितई गोलज्यू मंदिर | सूर्यदेव मंदिर कटारमल | कसारदेवी मंदिर | नंदा देवी मंदिर | पाताल भुवनेश्वर गंगोलीहाट | हाटकालिका मंदिर गंगोलीहाट | बागनाथ महादेव बागनाथ | बैजनाथ मंदिर | पाताल रुद्रेश्वर गुफा | पूर्णागिरी मंदिर | देवीधुरा | बाराहीदेवी मंदिर | बालेश्वर मंदिर | नैनादेवी मंदिर | कैंची धाम मंदिर | चैती बाल सुंदरी मंदिर

देवभूमि के पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों से साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की जाती है। कचरा केवल कूड़ेदान में डालें। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। जिम्मेदार बनें, स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण के संरक्षण में योगदान दें। सभी तीर्थयात्री और पर्यटक, स्वच्छता के मानदंडों का पालन करें और आस्था को नया आयाम दें।

हेलीकॉप्टर/ अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं

**www.heliyatra.irctc.co.in**

आईआरसीटीसी हेल्पलाइन नं० 1800110139
07556698100 | 07554090400

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की शुरुआत की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को वन डिस्ट्रिक्ट टू प्रोडक्ट के रूप में आगे बढ़ाया है। बद्रीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय



आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उसकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

**उत्तराखण्ड पर्यटन टोल फ्री नं० : 1364 फोन नं० 0135 3520100**

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# मुख्य सचिव डॉ. संधु की अध्यक्षता में हुई एकीकृत महानगर यातायात प्राधिकरण की बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में सचिवालय में एकीकृत महानगर यातायात प्राधिकरण की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने पुलिस और परिवहन विभाग से यातायात नियमों का कठोरता से पालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।



मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क पर चलने वाला प्रत्येक व्यक्ति जब यातायात नियमों का पालन करने लगेगा, ट्रैफिक जाम से निजात मिलने लगेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए आमजन को यातायात नियमों के पालन करने हेतु जागरूक किया जाए। छोटी छोटी वीडियो क्लिप्स के माध्यम से सोशल मीडिया और सड़कों के किनारे और ट्रैफिक सिग्नल के आसपास स्क्रीन पर जागरूकता वीडियो चलाए जाएं। मुख्य सचिव ने महानिदेशक सूचना को इस सम्बन्ध में वीडियो बनाए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सभी सम्बन्धित विभागों को अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक उपायों पर कार्य किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि यातायात पुलिस और परिवहन विभाग को मिलजुलकर ऑटो, ई रिक्शा आदि के लिए पार्किंग के साथ ही, ई-रिक्शा और ऑटो स्टॉप आदि निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए। फुटपाथ एवं सड़कों से अतिक्रमण शीघ्र हटाया जाए। यातायात नियम तोड़ने और नो पार्किंग में गाड़ी लगाने वालों पर लगातार चालान किए जाएं। मुख्य सचिव ने उपाध्यक्ष एमडीडीए को शहर में साइनेज आदि लगाकर यातायात नियमों की जानकारी उपलब्ध कराए जाने की बात भी कही। उन्होंने शहरों में फुटपाथों की मरम्मत के लिए अलग से बजट हेड बनाए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान एसएसपी देहरादून दिलीप सिंह कुंवर ने बताया कि नियमों के पालन न करने पर वाहन चालकों पर सीसीटीवी के साथ ही ड्रोन के माध्यम से भी चालान किए जा रहे हैं। उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी द्वारा बताया गया कि स्कूल बसों की पार्किंग स्कूल परिसर में ही करने और स्कूल की छुट्टी के बाद खेल के मैदानों को पार्किंग के रूप में प्रयोग करने हेतु विभिन्न स्कूलों से लगातार बातचीत चल रही है। इसमें विभिन्न स्कूलों ने सकारात्मक रूख अपनाया है, और हर सम्भव सहयोग के लिए तैयार हैं।

## युवक की मौत में दो लोगों पर हत्या का केस

काशीपुर। आठ माह पहले संदिग्ध हालात में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो दोस्तों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। यूपी के थाना भगतपुर निवासी नुसरत पत्नी मोहम्मद जान ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने कहा था दो अगस्त 2022 की सुबह अंकुर शर्मा नामक युवक उनके घर आया था। वह उसके पुत्र जुबैद आलम को अपने साथ ले गया। शाम तक घर नहीं आने पर उन्होंने अपने दूसरे बेटे के फोन से जुबैद को फोन किया। उसने बताया वह अंकुर के साथ है, कुछ देर में घर आ जाएगा। लेकिन उसका बेटा घर नहीं पहुंचा।

## बीडीसी बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जमकर हंगामा किया

चमोली : नारायणबगड़ में गुरुवार को हुई क्षेत्र पंचायत की त्रैमासिक बैठक में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के मुद्दे छाए रहे। जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों को लेकर सदन में जमकर हंगामा किया।

नारायणबगड़ विकास खंड सभागार में क्षेत्र पंचायत की त्रैमासिक बैठक ब्लॉक प्रमुख यशपाल सिंह नेगी अध्यक्षता में आहुत की गई। बैठक में सड़क स्वास्थ्य शिक्षा समेत तमाम विकास के मुद्दे छाए रहे। बैठक का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी राकेश मोहन नयाल ने पिछली बैठक में हुई कार्यवाही का वाचन किया। वहीं ग्राम प्रधान सणकोट अंशी देवी बुटोला ने परखाल सणकोट तक सड़क पर हुए गड्ढों का मुद्दा सदन में रखा। बताया कि उनके द्वारा कई बार मोटरमार्ग पर डामरीकरण एवं कार्य भरने का विभाग से पत्राचार किया गया लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो पाई है। इसके अलावा ग्राम प्रधान छैकुड़ा महेश कुमार ने नारायणबगड़ झिंझोनी मोटर मार्ग से गांव में भवनों की तरफ आ रहे पानी के बहाव का मुद्दा एवं पीएमजीएसवाई मोटर मार्ग द्वारा गांव की पेयजल लाइन एवं रास्ते क्षतिग्रस्त हुए हैं उनके निर्माण का मुद्दा सदन में उठाया। वहीं उन्होंने बताया कि क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग कंडवाल गांव में एएनएम सेंटर कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक स्वीकृत नहीं हुआ है । वहीं ब्लाक प्रमुख यशपाल नेगी ने अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ सदन में आने का आह्वान किया।

# अधिकारी समन्वय से काम कर जिले को विकास की राह पर आगे बढ़ाएं : शाह

नई टिहरी : जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेते हुए टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने कहा कि सभी जिले के अधिकारी आपसी समन्वय से काम करते हुए जनपद को विकास की राह पर आगे बढ़ाने का काम करें। बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद के पहले स्थान बनाने के लिए सांसद ने डीएम सहित सभी को बधाई दी।

टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मनरेगा, कृषि, पीएमजीएसवाई, पेयजल, समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, विद्युत, पूर्ति आदि विभागों की कार्ययोजना प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया किया कि जो भी कार्य किये जाते हैं, उनकी सूचना समिति के सदस्यों को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को निर्देशित किया कि बैठक को गंभीरता से लेते हुए अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। सांसद ने जी 20 की तैयारियों मे कोताही न बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि नरेन्द्रनगर में जी-20 की बैठक आयोजित हो रही है। यह हमारे लिए अपनी संस्कृति को विश्व पटल पर रखने का मौका है। सांसद ने कहा जनपद में अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत प्रगति है। प्रत्येक आंगनवाड़ी में बाउण्ड्रीवॉल बनायें। डीएम डा. सौरभ गहरवार ने कहा कि समिति के सदस्यों के सुझावों पर काम किया जायेगा। सीडीओ मनीष कुमार ने बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत 20 सूत्रीय एवं 34 योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार गांरटी योजना के अन्तर्गत प्राथमिकता के आधार पर कार्य किये जा रहे हैं। भुगतान की कार्यवाही ऑनलाइन की जा रही है। बैठक में जिपं अध्यक्ष सोना सजवाण, विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय, घनसाली शक्ति लाल शाह, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश नौटियाल, ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार सुनीता देवी, प्रतापनगर प्रमुख प्रदीप चंद रमोला, समिति के सदस्य जीत राम भट्ट, दिनेश डोभाल, चतर सिंह बिष्ट, एडीएम केके मिश्र, पीडी प्रकाश रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## दुकानों में रेट लिस्ट चस्पा करें व्यापारी

चमोली : चार धाम यात्रा के मद्देनजर कर्णप्रयाग प्रशासन, पालिका, पुलिस और खाद्य निरीक्षक की संयुक्त टीम ने यात्रा मार्ग पर होटलों और ढाबों का निरीक्षण किया। इस मौके पर निरीक्षण टीम ने होटल व्यवसायियों से रेट लिस्ट चस्पा करने, रेट से अधिक और मिलावटी समाना न बेचने के निर्देश दिए। कहा कि यदि यात्रा के दौरान कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि चार धाम यात्रा के दौरान हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु यात्रा करते है। ऐसे में होटल व्यवसायियो द्वारा उन्हें ताजा खाना और उचित मूल्य पर सामान मुहैया करना व्यवसायियों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# सीएम धामी ने किया चारधाम यात्रा—2023 के सफल संचालन हेतु आयोजित टेबल टॉप एवं मॉक अभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र में चारधाम यात्रा- 2023 के सफल संचालन हेतु राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा आयोजित टेबल टॉप एवं मॉक अभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्गों पर आपदा प्रबंधन के लिए किये जा रहे मॉक अभ्यास का वर्चुअल अवलोकन भी किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी तैयारियां की गई हैं। चारधाम यात्रा मार्गों पर आपदा प्रबंधन की दृष्टि से यात्रा शुरू होने से पूर्व मॉक अभ्यास किया गया है। इससे आपदा प्रबंधन के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुगम और सुरक्षित चारधाम यात्रा की नियमित समीक्षा की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चमोली, रूद्रप्रयाग एवं उत्तरकाशी के जिलाधिकारियों से यात्रा के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी हो जाएं।

# आईआरएस ने किया आपदा से बचाव एवं राहत कार्य का मॉक अभ्यास

जयन्त प्रतिनिधि।चमोली : चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा से निपटने एवं इंसीडैण्ट रेस्पोंस सिस्टम (आईआरएस) को सक्रिय करने और सिस्टम में पूर्व निर्धारित दायित्वों का जायजा लेने के उदेश्य से जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार को जिला मुख्यालय गोपेश्वर सहित गौचर, चमोली व तपोवन में आपदा की विभिन्न घटनाओं को लेकर मॉक अभ्यास किया गया। गुरूवार को आपदा कन्ट्रोल रूम से बाजपुर चमोली में सड़क अवरूद्ध होने, गोपेश्वर स्थित होटल में अग्नि दुर्घटना होने तथा जीआईसी तपोवन मे भूकंप और चटवापीपल गौचर के निकट सड़क दुर्घटना की सूचना प्रसारित की गई। सूचना मिलने पर आईआरएस से जुडे अधिकारी तत्काल आपदा नियंत्रण केन्द्र पहुंचे। वहीं आपदा कन्ट्रोल रूम से वारलैस के माध्यम से स्टैजिंग एरिया में अधिकारियों को अलर्ट करते हुए स्टेजिंग एरिया मैनेजर को आवश्यक सामग्री के साथ रेस्क्यू टीमें तैयार रखने के निर्देश दिए गए। स्टैजिंग एरिया में आईटीबीपी, एसडीआरएफ, एसएसबी, पुलिस, फायर ब्रिगेड, रेडक्रास, पीआरडी, वन, स्वास्थ्य एवं जिला स्तरीय अधिकरियों की अलग-अलग टास्कफोर्स टीमों का गठन किया गया और टास्कफोर्स टीमों को घटना स्थलों पर रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया। कुछ ही समय पश्चात सभी रेस्क्यू टीमें घटना स्थलों पर पहुंची तथा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा करने के बाद सभी टीमें अपने अपने स्टैजिंग एरिया पहुंची। रेस्क्यू टीमों को चारधाम यात्रा के दौरान कम से कम रिसपॉन्स टाइम में घटना स्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य शुरू करने और चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा से निपटने के लिए अलर्ट मूड पर रहने को कहा गया। टीमों को रेस्क्यू पर जाने से पहले आवश्यक सुरक्षा उपकरणों को अपने साथ रखने, सूचनाओं का सही ढंग से आदान-प्रदान करने को कहा गया। ताकि भविष्य में वास्तविक आपदा के दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके।




जिला मुख्यालय में आयोजित मॉक अभ्यास के दौरान अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी, जिला आपदा प्रबधंन अधिकारी एनके जोशी सहित इंसीडैण्ट रेस्पोंस सिस्टम से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## परिवहन विभाग के इंटरसेप्टर वाहन काटेंगे चालान

काशीपुर। अब परिवहन विभाग के इंटरसेप्टर वाहन भी यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर वाहनों का चालान काटेंगे। इसके लिए विभाग को दो इंटरसेप्टर वाहन और आधुनिक चालान मशीन मिली है। गुरुवार को एआरटीओ प्रशासन एके झा और एआरटीओ प्रर्वतन जितेंद्र ने हरी झंडी दिखाकर दोनों इंटरसेप्टर वाहनों को रवाना किया। साथ ही अति आधुनिक चालान मशीन भी कर्मियों को सौंपी।उन्होंने बताया परिवहन विभाग की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में यह इंटरसेप्टर बाइक भेजी गई हैं। बाइक के अगले भाग पर हाई स्पीड डिटेक्शन कैमरे के साथ इसमें सायरन और लाइट मौजूद है।

# खामी मिलने पर सफाई नायक को हटाया

काशीपुर। सभासद और ईओ ने वार्ड नौ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें वार्ड में कम सफाई कर्मी मिले। इस पर ईओ ने सफाई नायक बुलाया। लेकिन वह नहीं आया। ईओ ने तत्काल प्रभाव से उसे हटाकर दूसरे सफाई नायक को नियुक्त कर दिया।

पिछले दिनों सभासद हाजी यूसूफ ने ईओ शाहिद अली से शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि सफाई नायक उनके वार्ड में ठीक से सफाई नहीं करा रहा है। गुरुवार दोपहर बाद ईओ ने सभासद रोबी पधान, सुधीर विश्नोई, सत्येंद्र कुमार, अमजद हुसैन, मो. यामीन, नफीस अंसारी के साथ ही वार्ड का निरीक्षण किया। वार्ड में दो सफाई कर्मी काम करते मिले। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे थे। ईओ ने बताया सफाई नायक विनोद कुमार को बुलाया गया, लेकिन वह नहीं आया। कहा विनोद को वार्ड से हटाकर उसके स्थान पर दूसरे सफाई नायक अरविंद को चार्ज दे दिया है।

उन्होंने कहा गैर हाजिर अन्य सफाई कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगा। इधर, विनोद को उसके मूल पद भेजने के लिए अध्यक्ष को अनुमोदन किया गया है।

# खाराखेत जाकर आजादी के सेनानियों को किया याद

देहरादून। शहीद मेजर दुर्गामल्ल मेमोरियल ट्रस्ट ने दून से करीब 18 किलोमीटर दूर खाराखेत जाकर नमक कानून तोड़ने वाले आजादी के सेनानियों को याद किया। विधायक सहदेव पुंडीर स्मारक के जीर्णोद्धार के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

महात्मा गांधी नमक सत्याग्रह आंदोलन स्मारक स्थल खाराखेत झाझरा रेंज में ट्रस्ट की ओर से एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर, विशिष्ट अतिथि झाझारा रेंज के रेंजर जितेंद्र सिंह गुसाईं, गोर्खाली सुधार सभा अध यक्ष पदम सिंह थापा, ट्रस्ट की अध्यक्षा कमला थापा ने स्मारक स्थल में महात्मा गांधी, खाराखेत नमक सत्याग्रही खड़क बहादुर सिंह बिष्ट एवं उनके साथियों के स्मारक पर पुष्प माला चढ़ाते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कमला थापा ने सभी अतिथियों को खादी पहनाकर स्वागत किया। गोर्खाली सुधार सभा की मीडिया प्रभारी प्रभा शाह ने खाराखेत के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दून से 18 किलोमीटर दूर खाराखेत गांव में भी 1930 नमक कानून के विरोध में खड़क बहादुर सिंह बिष्ट व उनके साथियों ने नून नदी में नमक बनाकर ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती दी थी। खाराखेत भले ही सरकारी उपेक्षा झेल रहा हो पर ये जनमानस के लिए प्रेरणास्त्रोत स्मारक है। सेनानियों ने 07 मई 1930 को दुबारा नून नदी में नमक बनाया और दून के टाउन हॉल में नमक बेचते हुए अपनी गिरफ्तारी दी। इस अवसर पर संस्था के कलाकारों ने देशभक्ति गीतों व मीनू आले ग्रुप के बाल कलाकारो ने नृत्य प्रस्तुति दी। संचालन देविन शाही ने किया। मौके पर आनंद थापा, मधुसूदन शर्मा, प्रेम क्षेत्री, अनिता क्षेत्री, श्याम राना, देवमाया गुरुंग, पुष्पा क्षेत्री, पूनम गुरुंग, विनिता खत्री, राजेंद्र गुरुंग, शमशेर थापा, शेरजंग राना, अनिल थापा, मोहन क्षेत्री, उदय ठाकुर, संजय थापा, दीपक राई आदि मौजूद थे।

## मंत्री गणेश जोशी ने किया जाखन में सीवर पम्पिंग स्टेशन का शिलान्यास

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जाखन में सीवर पंपिंग स्टेशन का भूमि पूजन किया। यह योजना जल निगम द्वारा राज्य योजना के माध्यम से 295.56 लाख रुपये की लागत से निर्मित होगी। जाखन में इस अवसर पर हुई सभा में मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जनता के सहयोग क्षेत्र में विकास कार्य संभव हुए हैं। बीजेपी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के कार्यों को लेकर लगातार जनता के बीच है। सरकार भी विकास कार्यों को तेज कर रही है। क्षेत्र में पेयजल समस्या को देखते हुए ओवरहेड टैंक का लोकार्पण भी जल्द किया जायेगा। राज्य योजना में भी सड़को की स्वीकृति का कार्य प्रगति पर है। हर घर नल योजना के माध्यम से सभी घरों को पानी दिया जा रहा है। उज्ज्वला योजना का भी लाभ क्षेत्रवासियों को दिया जा रहा है। जोशी ने कहा कि पुष्कर सिंह धामी सरकार जनता के बीच जाकर जनता के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारियो को तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने ओर योजना को गुणवत्ता रखने के भी निर्देश दिये। नवीनतम डीआईपी तकनीक पहली बार प्रयोग में लाई गई है। इसके लिए भूमि की न्यूनतम आवश्यकता पड़ती है। जहां पर जगह की कमी है, वहां के लिए यह उपयुक्त है। इस टेक्नोलोजी में स्टोरेज टैंक नही बनता है। इसमे आने वाला सीवर डीआईपी के माध्यम से सीधे स्टोर के लिए बिना पंप हो जाता है। यह वातावरण के अनुकूल है। मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, पार्षद संजय नौटियाल, मोहन बहुगुणा, ओमप्रकाश बहुगुणा, नैन सिंह पंवार, उत्तम रमोला, जलनिगम के ईई एचसी जोशी, जलसंस्थान के ईई संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा: ऋषिकेश से शुरु हुआ यात्री पंजीकरण

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में चारधाम यात्रा के लिए गुरुवार को विधिवत रूप से यात्री पंजीकरण आरंभ हो गया है। पहले दिन राजस्थान, उत्तरप्रदेश, गुजरात आदि राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंजीकरण के लिए नवनिर्मित यात्रा ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र पहुंचे। यात्री काउंटर के आगे लंबी कतार में खड़े होकर पंजीकरण के लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। शाम पांच बजे तक 460 तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया। चारधाम यात्रा का आगाज 21 अप्रैल को होना है। लिहाजा बाहरी प्रांतों से आने वाले तीर्थयात्रियों को पंजीकरण में असुविधा नहीं हो, इसके लिए 20 अप्रैल से नवनिर्मित यात्रा ट्रांजिट एवं पंजीकरण कैंप में यात्री पंजीकरण शुरू कर दिया गया। हालांकि पंजीकरण के लिए तीर्थयात्री सुबह 7 बजे से ही पंजीकरण केंद्र पर जुटने लगे थे, लेकिन पहले दिन पंजीकरण प्रक्रिया 9 बजे से आरंभ की गई। पंजीकरण केंद्र में बने



12 काउंटरों के आगे तीर्थयात्री पंजीकरण के लिए कतार में खड़े दिखायी दिए। ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया धीमी होने पर तीर्थयात्रियों को दिक्कत भी हुई। कोटा, राजस्थान से आए तीर्थयात्री भवानी सिंह, अंबिका ने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया बेहद धीमी है। इसमें 20 से 25 मिनट लग रहे हैं। पंजीकरण प्रक्रिया में तेजी लानी चाहिए। गर्मी बढ़ने पर यात्रियों को परेशानी होगी। पंजीकरण का कर्य देख रही इथिक्स इंफोटेक के प्रभारी प्रेमअनंत ने बताया कि पहले दिन ऑनलाइन पंजीकरण में कुछ दिक्कत रही, लेकिन शुक्रवार से व्यवस्था में सुधार हो जाएगाा।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने राजभवन से किया प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअली प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन से अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, नैनीसैंण चमोली के ह्यप्लेटिनम जुबलीह्व समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअली प्रतिभाग किया। उन्होंने विद्यालय की 75 वर्षों की विकास यात्रा से जुड़े सभी शिक्षकों, समाज सेवियों और योगदान देने वाले सभी लोगों को प्लेटिनम जुबली मनाने हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी के योगदान की प्रसंशा की।



अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि विद्यालय ने इन 75 वर्षों की यात्रा में अनेक प्रतिभाओं को जन्म दिया है, जो देश-विदेशों में उत्तराखण्ड का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय ने शिक्षा की जो ज्योति व प्रकाश फैलाया है वह प्रेरणादायी है। शिक्षा का दीप जलाना अपने आप में सबसे महान कार्य है, शिक्षा का एक दीप अनेक प्रकाश स्तंभों को प्रकाशित करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि अटल उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थापना से शिक्षा के विकास में एक बड़ा योगदान मिल रहा है। हमें शिक्षा के हर पैमाने को उत्कृष्टता के स्तर पर पहुंचाना होगा। हर एक छात्र को उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त हो इस दिशा में सही कदम बढ़ाने होंगे। समान शिक्षा और समान अवसर हमारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि छात्र अभी से अपने अन्दर नेतृत्व की भावना पैदा करें। और अपने प्रयासों से राष्ट्र व समाज के निमार्ण में योगदान दें। राज्यपाल ने कहा कि तकनीकी के इस दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस, साईबर, क्वांटम आदि विषयों की ओर रूचि लें और उन्हें अपने जीवन में उतारें।

राज्यपाल ने कहा कि इस विद्यालय में प्रधानाचार्य और अन्य कुछ शिक्षकों के रिक्त पदों को भरे जाने और विद्यालय में लैब की स्थापना व अन्य जरूरी संसाधन हेतु प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे गांव, हमारी संस्कृति और समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। सीमांत गांवों में जरूरी संसाधन जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य कनेक्टिविटी आदि को जुटाने का सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। अमृतकाल के इस समय में भारत के विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु बनने में हमारे गांवों का योगदान महत्वपूर्ण रहेगा। हमारे गांव, तहसील, ब्लाक और जिलों के विकास से ही हमारे राष्ट्र का विकास संभव है।

राज्यपाल ने कहा कि हम उत्तराखण्ड में रिवर्स माईग्रेशन की दिशा में रास्ते तलाश रहे हैं, पहाड़ों से पलायन को रोकने के लिए, स्वरोजगार और उद्यमों के विकास की दिशा में कार्य करना होगा।

सरकार द्वारा पहाड़ में सड़कें तैयार करवाई जा रही हैं, रेल परियोजना बहुत तेज गति से आगे बढ़ रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पर्यटन, स्वच्छ पारदर्शी भर्ती नीतियों से युवाओं के भविष्य के बारे में गहराई से विचार किया जा रहा। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें खुशी हो रही है कि सभी लोग प्रदेश के विकास में, एक जागरूक नागरिक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# डुंगरीपंथ में मकान गिरने से 8 लोग दबे, भूकंप में मची भगदड़ 15 लोग नदी में डूबे, चमधार में भूस्खलन से यातायात बाधित



मॉक अभ्यास के दौरान अलकनंदा नदी में बह रहे युवक को बाहर निकालते हुए एसडीआरएफ के जवान।



मॉक अभ्यास के दौरान गंभीर घायल को अस्पताल ले जाते हुए पुलिस व एसडीआरएफ के जवान।

## आईआरएस ने किया आपदा से बचाव एवं राहत कार्य का मॉक अभ्यास मॉकड्रिल कर परखी चारधाम यात्रा की तैयारियां

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : चार धाम यात्रा 2023 की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनपद पौड़ी के श्रीनगर क्षेत्र में आपदा से बचाव एवं राहत कार्य का मॉक अभ्यास किया गया। इसी दौरान जनपद में तीन घटनास्थल चिन्हित किये गये। जनपद कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि डुंगरीपंथ में 3 मकान गिरने से 7 से 8 लोगों के दबने की संभावना हैं, भूकंप से भगदड़ के चलते धारी देवी मंदिर के पास 12 से 15 लोग अलकनंदा नदी में बहने व डूबने तथा चमधार में भूस्खलन होने से यातायात व्यवस्था बाधित हुई है। जिस पर आईआरएस सिस्टम अलर्ट हो गया। सूचना पर तत्काल एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस, फायर बिग्रेड, तहसीलकर्मी सहित अन्य विभागों की टीमें मौके पर पहुंची तथा राहत और बचाव कार्य शुरू किया। टीमों ने रेस्क्यू कर गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, वहीं नदी में डूब रहे 11 लोगों की जान बचाई।

मॉक अभ्यास के तहत जनपद में तीन घटनास्थल चिन्हित किये गये थे। श्रीनगर में स्थित डुंगरीपंथ को भूकंप की घटना, धारी देवी मंदिर के पास भगदड़ से डुबने तथा चमधार के पास भूस्खलन होने की घटनाएं चिन्हित् की गयी थी। सर्वप्रथम जनपद कंट्रोल रूम को स्थानीय पटवारी के माध्यम से प्रातः 9:50 बजे दूरभाष पर सूचना प्राप्त हुई कि श्रीनगर के डूंगरी पंथ में भूकंप आया है, जिसके पश्चात जनपद का आईआरएस (इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम) तुरन्त अलर्ट हो गया तथा तत्काल आईआरएस टीम का सदस्य जनपद आपदा कंट्रोल रूम की ओर रवाना हुआ। आईआरएस टीम के रेस्पॉन्सिबल अधिकारी जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान एवं ऑपरेशनल यूनिट प्रभारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे सहित आईआरएस के महत्वपूर्ण सदस्य तुरन्त जनपद आपदा कंट्रोल रूम पहुंचे। जिलाधिकारी द्वारा समस्त इंसीडेंट की कमान संभाल कर आपदा से बचाव एवं समस्त कार्यों के संबंध में तत्काल जरूरी दिशा–निर्देश जारी किये। आईआरएस के सभी सदस्यों और विभागों द्वारा अपने-अपने संसाधनों व टीम सदस्यों के साथ अपनी रिर्पोटिंग प्रस्तुत की। इसी बीच तहसील श्रीनगर के अंतर्गत आने वाले स्थानीय विभागीय कार्मिक घटना स्थल के लिए रवाना हुए तथा एनडीआरएफ व एसडीआरएफ को भी मौके पर पहुंचने की सूचना दी गयी। इसी दौरान जनपद कंट्रोल रूम को अलग-अलग समय सूचना प्राप्त हुई कि डुंगरीपंथ में 3 मकान गिरने से 7 से 8 लोगों के दबने की संभावना हैं, भूकंप से भगदड़ के चलते धारी देवी मंदिर के पास 12 से 15 लोग नदी में बहने व डूबने तथा चमधार में भूस्खलन होने से यातायात व्यवस्था बाधित हुई है। तत्काल एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस, फायर बिग्रेड, तहसीलकर्मी सहित अन्य विभागों की टीमें मौके पर पहुंची तथा लोगों को बचाने के कार्य में जुट गयी। डूंगरी पंथ में 5 लोग मकान के गिरने से दबे थे, जिनमें से 3 व्यक्ति सामान्य पाये गये, जबकि 2 को अस्पताल रवाना किया गया। धारी देवी में भगदड़ की घटना में कुल 15 लोग नदी में बह रहे थे जिसमें से 11 लोगों को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जल पुलिस व स्थानीय टीम द्वारा सामान्य तरीके से रेस्क्यू किया गया, जबकि अन्य 4 लोग जो गंभीर रूप से घायल थे, उनको प्राथमिक गहन चिकित्सा हेतु एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। इसी तरह चमधार में आये भूस्खलन से बाधित हुए यातायात को लोनिवि, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व स्थानीय टीम के द्वारा मौके पर आवश्यकतानुसार जेसीबी तैनात करके सड़क मार्ग को यातायात के लिए पुनः बहाल कर दिया गया। इस दौरान जनपद कंट्रोल रूम में अपर जिलाधिकारी इला गिरी, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग पीएस बृजबाल, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप काला सहित आईआरएस के सदस्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।

### मॉक अभ्यास को वास्तविक घटना के तौर पर लेना चाहिए

पौड़ी : ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि मॉक अभ्यास को हमेशा वास्तविक घटना के तौर पर लेना चाहिए, ताकि हमारी आपदा से निपटने की प्रतिक्रिया ठीक तरह से संपादित हो सके। आईआरएस के सभी सदस्यों को अपने-अपने दायित्वों का बेहतर ज्ञान होना चाहिए। इसके लिए समय-समय पर नई तकनीकों से अपडेट रहना चाहिए। मॉक अभ्यास में घटना घटित होने के तत्पश्चात् बहुत से पक्षों और चीजों पर ध्यान देना चाहिए, जो चीजें घटना के दौरान घटित हो सकती है तथा उसको रिकवर करने के लिए हमें जो भी तैयारी करनी होती है की जानी चाहिए। सभी का आपस में बेहतर समन्वय होना चाहिए। कोई भी विभाग या अधिकारी व्यक्तिगत योगदान देने वाला नहीं दिखना चाहिए, बल्कि एक पूरा टीम वर्क केन्द्रित बचाव एवं राहत अभियान दिखना चाहिए।

### जनपद कंट्रोल रूम की सूचना पर निर्भर न रहें

पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने ब्रीफिंग के दौरान कहा कि आईआरएस को स्वयं एक्टिव होना चाहिए। कहा कि हो सकता है कि आपदा से कम्यूनिकेशन सिस्टम ध्वस्त हो जाए तो उस दशा में सूचना आदान-प्रदान कैसे संभव होगा इस पर भी काम करना होगा। इसलिए केवल जनपद कंट्रोल रूम की सूचना पर ही निर्भर न रहकर आईआरएस के प्रत्येक सदस्य को अपने विवेक और आईआरएस के अंतर्गत किये गये दायित्वों के अनुरूप कार्य करने चाहिए।

## राजनीतिक उत्पीड़न और द्वेष पूर्ण कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए

श्रीनगर गढ़वाल : भाकपा (माले) के केन्द्रीय कमेटी सदस्य और नैनीताल जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय के खिलाफ राजनीतिक उत्पीड़न और द्वेष पूर्ण कार्रवाई पर आइसा छात्र संगठन व छात्र संघ पदाधिकारियों ने तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

इस संदर्भ में एसडीएम श्रीनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में छात्र संघ उपाध्यक्ष रोबिन असवाल, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित उछोली, आइसा नगर अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, सचिव समरवीर रावत ने कहा कि हल्द्वानी कोतवाली से डॉ. पांडेय को फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट लिखी होने के संदर्भ में फोन आता है कि श्रीनगर कोतवाली में मामला होने व इसके हल्द्वानी ट्रांसफर हो गया है। उन्होंने कहा कि एक सामान्य से राजनीतिक बयान के लिए किसी को दो कोतवालियों की पुलिस फोन करे। कहा यह राजनीतिक बयान अखबार में छपा है और अखबार की कटिंग फेसबुक पर शेयर की गई है। कहा यह संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार पर हमला है और राजनीतिक द्वेष और उत्पीड़न के लिए की गई कार्रवाई है। उन्होंने राजनीतिक उत्पीड़न और द्वेष की इस तरह की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई, भेंट किए उपहार


श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ने 2020 से 2023 तक के सेवानिवृत्त शिक्षकों का विदाई समारोह आयोजित किया। इस मौके पर सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को विदाई पत्र और उपहार भेंट किए गए।अदिति स्मृति न्यास श्रीनगर में आयोजित समरोह में सुभाषिनी भट्ट, उर्मिला नौटियाल, सरोजनी मंमगाई, रेखा मिश्रा, पूर्णिमा वाजपाई, रमेशचंद्र नौटियाल, हेमंत मिश्रा, पुष्पा डोबरियाल, विजया पुरी, दीपा गिरी, उर्मिला पंवार, विश्वेश्वरी तोमर, ऊषा घिल्डियाल, सुषमा चंदोला, पुष्पा मेवाड़ी को विदाई दी। इस मौके पर संगठन की अध्यक्ष रेखा नेगी ने बताया कि कोविड संक्रमण व अन्य आकस्मिक घटनाओं के कारण विदाई समारोह नहीं हो पाया था। जिसके कारण तीन वर्ष के बाद शिक्षकों का विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें ससम्मान विदाई दी गई।

### 5 मई तक भरें पीजी के आवेदन पत्र

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में सत्र 2023-24 में स्नातकोत्तर (पीजी) एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्क्रमों (बीएड, एमएड सहित) के लिए प्रवेश परीक्षा सीयूईटी के माध्यम से करवाए जाएंगे। गढ़वाल विवि के सीयूईटी के नोडल अधिकारी प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने बताया कि एनटीए की ओर से होने वाली परीक्षा की तिथि को 5 मई तक साढ़े नौ बजे तक विस्तारित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इससे पहले पीजी के आवेदन फार्म भरने के तिथि 19 अप्रैल निर्धारित की गई थी। इस तिथि को विस्तारित कर अब 5 मई रात्रि साढ़े नौ बजे तक छात्र आवेदन पत्र भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 6 से 8 मई को छात्र-छात्राएं अपने आवेदन फार्म को संशोधित कर सकते हैं। (एजेंसी)

## यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र में चारधाम यात्रा-2023 के सफल संचालन हेतु राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा आयोजित टेबल टॉप एवं मॉक अभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चमोली, रूद्रप्रयाग एवं उत्तरकाशी के जिलाधिकारियों से यात्रा के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी हो जाएं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्गों पर आपदा प्रबंधन के लिए किये जा रहे मॉक अभ्यास का वर्चुअल अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी तैयारियां की गई हैं। चारधाम यात्रा मार्गों पर आपदा प्रबंधन की दृष्टि से यात्रा शुरू होने से पूर्व मॉक अभ्यास किया गया है। इससे आपदा प्रबंधन के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुगम और सुरक्षित चारधाम यात्रा की नियमित समीक्षा की जा रही है। इस अवसर पर अधिकारियों ने मॉक ड्रिल में आपदा प्रबंधन के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर सचिव आपदा प्रबंधन रणजीत सिन्हा, दिलीप जावलकर, डॉ. आर. राजेश कुमार, एसीईओ आपदा प्रबंधन सुश्री रिद्धिम अग्रवाल, एनडीएमए के अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## गांव, तहसील, ब्लाक और जिलों के विकास से ही राष्ट्र का विकास संभव : राज्यपाल



### शिक्षित व्यक्ति से ही शिक्षित समाज का होगा निर्माण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन से अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, नैनीसैण चमोली के 'प्लेटिनम जुबली' समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअली प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने कहा कि इस विद्यालय में प्रधानाचार्य और अन्य कुछ शिक्षकों के रिक्त पदों को भरे जाने और विद्यालय में लैब की स्थापना व अन्य जरूरी संसाधन हेतु प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के इस समय में भारत के विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु बनने में हमारे गांवों का योगदान महत्वपूर्ण रहेगा। हमारे गांव, तहसील, ब्लाक और जिलों के विकास से ही हमारे राष्ट्र का विकास संभव है। राज्यपाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण होती है। शिक्षित व्यक्ति से ही शिक्षित समाज का निर्माण होता है। छात्रों को असीमित सपने देखने चाहिए और अपने कठोर परिश्रम से उन्हें प्राप्त करने का प्रयास करने चाहिए। कहा कि छात्र अभी से अपने अन्दर नेतृत्व की भावना पैदा करें और अपने प्रयासों से राष्ट्र व समाज के निर्माण में योगदान दें।

राज्यपाल ने कहा कि विद्यालय ने इन 75 वर्षों की यात्रा में अनेक प्रतिभाओं को जन्म दिया है, जो देश-विदेशों में उत्तराखण्ड का नाम रोशन कर रहे हैं। कहा कि दुर्गम क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय ने शिक्षा की जो ज्योति व प्रकाश फैलाया है वह प्रेरणादायी है। शिक्षा का दीप जलाना अपने आप में सबसे महान कार्य है, शिक्षा का एक दीप अनेक प्रकाश स्तंभों को प्रकाशित करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि अटल उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थापना से शिक्षा के विकास में एक बड़ा योगदान मिल रहा है। हमें शिक्षा के हर पैमाने को उत्कृष्टता के स्तर पर पहुंचाना होगा। हर एक छात्र को उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त हो इस दिशा में सही कदम बढ़ाने होंगे। समान शिक्षा और समान अवसर हमारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने कहा कि हम उत्तराखण्ड में रिवर्स माईग्रेशन की दिशा में रास्ते तलाश रहे हैं, पहाड़ों से पलायन को रोकने के लिए, स्वरोजगार और उद्यमों के विकास की दिशा में कार्य करना होगा। सरकार द्वारा पहाड़ में सड़कें तैयार करवाई जा रही हैं, रेल परियोजना बहुत तेज गति से आगे बढ़ रही है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, कार्यक्रम के संयोजक कर्नल राजेंद्र सिंह खत्री, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, प्रधानाचार्य प्रकाश चन्द्र आर्या, समिति के समन्वय अध्यापक जगदीश कण्डवाल, नरेन्द्र सिंह भण्डारी, पीटीआई अध्यक्ष चन्द्र शेखर नेगी, एसएमसी अध्यक्ष गिरीश चन्द्र गुसाईं, राजेंद्र सिंह नेगी सहित संस्थान के अन्य पदाधिकारी, स्कूल के शिक्षकगण, छात्र–छात्राएं और बडी संख्या में अभिभावक एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद थी।

### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

विद्यालय की हीरक जंयती के अवसर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र राजन सिंह, छात्रा मेघा थपलियाल सहित विज्ञान, कला एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों की विधवाओं, आश्रितों, विद्यालय के पूर्व शिक्षक एवं कर्मचारियों, प्लेटिनम जुबली आयोजन समिति के सदस्यों, सर्वोच्च सहयोगी सदस्यों, एनसीसी कैडेट्स को भी सम्मानित किया गया। समापन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।

### छात्रों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

श्रीनगर गढ़वाल : स्व. चंद्रशेखर डोभाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से खिर्सू ब्लॉक के पब्लिक इंटर कॉलेज भट्टीसेरा में कक्षा छह से 12वीं तक के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। ट्रस्टी के मुख्य ट्रस्टी पीबी डोभाल द्वारा ट्रस्ट के उद्देश के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य जरूरतमंदों को शैक्षिक सहायता और चिकित्सा सहायता प्रदान करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। मौके पर अध्यक्ष बीपी घिल्डियाल, जेबी घिल्डियाल, एडवोकेट परेश जोशी, डॉ. मुकेश सेमवाल, प्रतुल डोबाल, गोपाल डूडेजा, दिनेश कंडारी, जिला पंचायत सदस्य कैलाश आदि मौजूद रहू। संचालन ममता चौहान ने किया। (एजेंसी)

### बोटिंग प्वाइंट खोलने की मांग उठाई

नई टिहरी : जाखणीधार ब्लॉक भटकंडा गांव की ग्राम प्रधान मधुबाला भट्ट ने टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय को पत्र सौंपकर टिहरी बांध झील के भिलंगना घाटी के सवित्रीसैंण, लंपुगडी और बड़कोट में बोटिंग प्वाइंट खोलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उक्त स्थानों पर बोटिंग प्वाइंट खुलने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, साथ ही क्षेत्र का विकास भी होगा, और स्थानीय लोगों झील आरपार की सुविधा भी मिलेगी। (एजेंसी)

## गुप्तकाशी में निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली, लोगों ने ली स्वच्छता की शपथ

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम यात्रा 2023 को स्वच्छ एवं सुगम बनाने के लिए केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग में बेहतर साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में गुरूवार को गुप्तकाशी, विद्याधाम से जिला प्रशासन एवं सेवा इंटरनेशनल संस्था के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों द्वारा 40 बोरे प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वच्छता अभियान अखिलेश मिश्र ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। रैली का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वच्छता अभियान अखिलेश मिश्र, जिला पंचायरत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत एवं सेवा इंटरनेशल संस्था के जिला प्रभारी मनोज बेंजवाल ने संयुक्त रूप से किया। गुप्तकाशी के विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों की उच्च कक्षा के विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, नेहरूयुवा केंद्र के स्वयं सेवकों, महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, महिला मंगल दल, सेवा इंटरनेशनल के कार्यकर्ताओं, ग्राम प्रधान और स्थानीय जनता द्वारा श्री श्री विद्याधाम से जन जागरूकता रैली गुप्तकाशी के बाजार तक निकाली गई।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

G20

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 27/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 ABSS के लिए विद्युत कार्यः अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के कोटद्वार (KTW) स्टेशन का उन्नयन। | 59,72,347.71 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 1,19,500.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 11.05.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय / उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |
| 2. | 28/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 ABSS के लिए विद्युत कार्यः अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के गढ़मुक्तेश्वर (GMS) स्टेशन का उन्नयन। | 1,32,70,038.05 (जीएसटी सहित) | | 2,16,400.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 11.05.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | |
| 3. | 29/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 ABSS के लिए विद्युत कार्यः अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के हापुड़ (HPU) स्टेशन का उन्नयन। | 1,04,06,851.87 (जीएसटी सहित) | | 2,02,000.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 11.05.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | |
| 4. | 30/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 ABSS के लिए विद्युत कार्यः अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के बुलंदशहर (BSC) स्टेशन का उन्नयन। | 81,84,855.98 (जीएसटी सहित) | | 1,63,700.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 11.05.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | |

सं.: 16/2023 दिनांक: 19.04.2023 1181/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# सुरक्षा तंत्र पर हमला

कश्मीर घाटी के सुधारते हालातों के बीच एक बड़ी घटना सामने आई है जिसमें आतंकी हमले के दौरान पांच जवान शहीद हो गए। घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है क्योंकि यह घटना ऐसे समय में हुई है जब केंद्र सरकार और सुरक्षा बलों के प्रयासों से घाटी में सामान्य गतिविधियां पटरी पर आने लगी थी। सेना के वाहन पर पुंछ जिले के भाटादूड़ियां इलाके में हमला किया गया जिसमें पांच जवान शहीद हो गए। आतंकियों ने पहले जवानों पर गोलियां चलाईं, फिर ग्रेनेड हमला किया जिससे वाहन में आग लग गई। इसमें जवान झुलस भी गए। एक जवान गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। सभी जवान वाहन में सवार होकर भिंबर गली से संगयोट स्थित मुख्यालय जा रहे थे। घटना के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया गया। याद करना होगा कि वर्ष 2021 में इसी इलाके में मुठभेड़ के दौरान नौ जवान शहीद हुए थे। एक लंबे समय बाद घाटी में ऐसा हमला देखने को मिला है, क्योंकि आतंकवाद के खिलाफ जिस प्रकार की कार्रवाई सुरक्षाबलों द्वारा पिछले कुछ वर्षों में शुरू की गई है उसने आतंकवाद एवं आतंकी संगठनों की कमर तोड़ दी थी। छिटपुट तरीके से आतंकवादी अपनी हरकतों को अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे लेकिन एक बड़ा हमला करने की उनकी कोशिशें लगातार नाकाम हो रही थी। यह हमला वाकई सुरक्षाबलों के लिए एक चुनौती है क्योंकि इस बार संभावना जताई जा रही है कि आतंकियों ने स्टिकी बम अथवा किसी अन्य केमिकल का प्रयोग किया है। जिस प्रकार सैन्य वाहन में आग लगी और एक भी जवान को जान बचा कर बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल पाया, उसमें केमिकल का इस्तेमाल किए जाने की आशंका है। यानी कि गोलियां बरसाने के बजाय अब आतंकवादी ऐसे हथकंडे अपना रहे हैं जिसमें हमला करते समय सुरक्षा बल जवाबी कार्रवाई ना कर पाए। घाटी में लौट रही शांति व्यवस्था से ना केवल पाकिस्तान बल्कि पाकिस्तान में पनप आतंकी संगठन भी काफी व्यथित उठे थे। भारत पर आतंकी साजिश से एवं हमले करने के प्रयास परवान नहीं चल रहे थे जो पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आ रहा था। इस हमले के बाद कम से कम यह तो साबित हुआ ही है कि आज भी सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है और तमाम प्रयासों के बावजूद आतंकवादी पड़ोसी देशों से अवैध तरीके से सीमा पार कर रहे हैं। सुरक्षा बलों को इस दिशा में अपनी तैयारियां पुख्ता करने के साथ ही आंतरिक तौर पर आतंकियों को मदद करने वालों की भी पहचान करनी होगी क्योंकि बिना स्थानीय सहयोग के ऐसा हमला करना संभव नहीं है।

# गृहयुद्ध की ओर बढ़ता सूडान

**श्रुति व्यास**



सूडान में अफरातफरी, उथलपुथल और खून–खराबाहो रहा है। सन् 1956 में आजादी के बाद उसकी ऐसी ही नियति है। वह पहले तानाशाही और फिर सैनिक शासन के अधीन रहा। तनाव, टकराव और गृहयुद्धों में फंसा रहा।अब एक बार फिर हिंसक संघर्ष हो रहा है। देश की सैनिक सरकार और एक सुरक्षा बल के टकराव में सत्ता का संघर्ष है। इस संघर्ष में अब तक 56 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें से तीन संयुक्त राष्ट्र संघ के लिए काम कर रहे राहतकर्मी भी है।

सूडान के सैनिक शासन के दो सर्वाधिक शक्तिशाली किरदारों झ्र जनरल अब्दल फतह अल–बुरहान, जो सन् 2019 के तख्ता पलट के बाद से सूडान के शासक हैं, और जंगी आक़ा मोहम्मद हमडन डगालो, जिन्हें हेमेदती के नाम से भी जाना जाता है झ्र के बीच लम्बे समय से तनाव बना हुआ था।

डगालो अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के मुखिया हैं। यह बल जंजाविड मिलिशियाओं से उभरा था, जिन पर दार्फूर में बड़े पैमाने पर बलात्कार और नरसंहार करने के आरोप हैं।हकीकत है कि सन् 2021 से ही आरएसएफ और जनरल बुरहान की सरकार की सेना, जिसे सूडानीज आर्म्ड फोर्सेज (एसएएफ) कहा जाता है, के बीच जंग का अंदेशा व्यक्त किया जाता रहा है।

अंततः 15 अप्रैल के दिन सेना और अर्ध–सुरक्षा बल लड़ाई हो ही गई। राजधानी खार्तूम की सड़कों पर टैंकों की गडग़ड़ाहट और हवा में लड़ाकू विमानों का शौर। आरएसएफ और एसएएफ दोनों ने बस्तियों के आसपास राकेट दागे जिसके कारण नागरिक अपनी जान हथेली पर रखकर भागने को मजबूर हुए। लड़ाई अब राजधानी खार्तूम से सूडान के अन्य क्षेत्रों में भी फैल रही है।

टकराव का मुद्दा यह है कि सूडान में राजनैतिक बदलाव की दिशा का निर्धारण कौन करे।

खीचतान चार साल पहले 2019 में तब से है जब उमर–अल–बशीर की तानाशाह इस्लामवादी सरकार को उखाड़ फेंका गया। बशीर को कई महीनों तक चले विरोध प्रदर्शनों के बाद पद छोडना पड़ा था। मौके का फायदा जनरल बुरहान और डगालो ने उठा विद्रोह कर दिया। ये दोनों बशीर के कार्यकाल में ही ताकतवर हुए थे। इसके बाद सरकार विरोधी गठबंधन और सैन्य बलों में एक समझौता हुआ। शक्तियों का बंटवारा किया गया। तय किया गया कि एक अंतरिम अवधि के बाद चुनाव होंगे और नागरिक सरकार को सत्ता सौंपी जाएगी।

मगर बशीर ने पहले से ही कई अलग–अलग सैन्य और सुरक्षा बल खड़े किये थे। वे उन्हे आपस में लड़वाते रहते थे ताकि खुद सुरक्षित रहे। ऐसा किसी और देश की राजधानी व सरकार में शायद ही हुआ हो।

सूडान 1956 में आजाद होने के बाद से ही लगातार हथियारबंद जंगी गिरोहों और सेना का मैदान रहा है। सन् 1964 में और उसके बाद दुबारा भी प्रजातंत्र स्थापना की कोशिश हुई। परंतु सेना ने उन्हें कुचल दिया।2021 में जनरल बुरहान, जिन्हें बशीर की सरकार से संबद्ध इस्लामवादी गुटों का समर्थन प्रा था, ने उस अंतरिम सरकार का तख्ता पलट दिया जिसे बशीर की विदाई के बाद कुछ असैन्य नेताओं के नेतृत्व में बनाया गया था। तभी से देश में अशांति और गड़बड़ी का दौर है। जनरल बुरहान धीरे–धीरे लोकप्रियता खोते गए। उनके खिलाफ लगभग हर हफ्ते प्रदर्शन होते थे।

सूडान दुनिया से अलग–थलग पड़ता हुआ था। लोगों की आर्थिक परेशानियां बढ़ती जा रही थीं।तभी अर्धसुरक्षा बल के डगालो को इ आपदा में अवसर दिखाई दिया। आरएसएफ, जिसका मुखिया डगालो है, हमेशा से एक प्रमुख और शक्तिशाली अर्धसैनिक बल रहा है। इसका गठन बशीर ने इसलिए किया था ताकि सेना और गुप्तचर सेवाएं अपनी मनमानी न कर पाएं।इसलिए अजीब बात लगेगी कि सेना उर्फ एसएएफ और अर्धसैनिक बल आरएसएफ दोनों काअलग–अलग नस्लीय आधार भी है। जनरल बुरहान के साथ इस्लामवादी है जिनकी राज्यतंत्र और अर्थव्यवस्था में अच्छी पैठ है। जनरल को पड़ोसी मिश्र का समर्थन भी है।15 अप्रैल को आरएसएफ द्वारा जारी वीडियो में मेरोव एयरबेस पर मिश्र के सैनिक, पायलट दिखलाई दिए हैं।

दूसरी तरफ डगालो, इरिट्रिया के राष्ट्रपति इस्यास अफ्वर्की के नजदीक है। अफ्वर्की का पड़ोसी देशों के मसलों में टांग फंसाने का लंबा इतिहास है। अफ्वर्की सउदी अरब और यूएई को भी अपना सरपरस्त मानते हैं क्योंकि उन्होंने यमन में इन देशों की सहायता के लिए अपनी सेना भेजी थी। इससे ऐसा लगता है कि आरएसएफ को इन दोनों देशों द्वारा हथियार आदि उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

डगालो और बुरहान के बीच सत्ता की लड़ाई के साथ–साथ नागरिक अलग एक समानांतर लड़ाई लड़ रहे हैं। वे चाहते हैं कि सेना कृषि, व्यापार व उद्योगों में अपने मालिकाना हक नागरिक सरकार को सौंपे।जबकि इनसे सेना को भारी आमदनी होती है। सैनिक आराम करते हैं और युद्ध लडने् का काम स्थानीय मिलिशियाओं को आउटसोर्स कर देते है। इसके अलावा दार्फूर में सन् 2003 के बाद से सेना और उसके समर्थकों के युद्ध अपराधों के मामलों में न्याय की मांग की जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय भी बशीर और अन्य सूडानी आरोपियों पर मुकदमा चलाना चाहता है। सन् 2021 के तख्तापलट के बाद से सैन्य बलों द्वारा मारे गए 125 लोगों और जून 2019 में प्रजातंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों की मौतों के मामलों में न्याय की मांग गंभीर है।

दरअसल भौगोलिक स्थिति के कारण भी सूडान में आंतरिक सत्ता संघर्ष को हवा है। सूडान, लाल सागर के किनारे है और सहेल पट्टी व हार्न ऑफ़ अफ्रीका से घिरा हुआ है। देश की कृषि अत्यंत समृद्ध है जिसके कारण कई क्षेत्रीय शक्तियां वहां अपनी घुसपैठ चाहती हैं। बड़े स्तर के भू–राजनैतिक समीकरण भी काम कर रहे हैं। रूस, अमरीका, सउद्दी अरब, यूएई और कई अन्य देश सूडान में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। सउद्दी अरब और यूएई को लगता है कि इस क्षेत्र में इस्लामवादियों के प्रभाव को कम करने का यह अच्छा मौका है। अमेरिका और पश्चिमी देश रूस को बाहर रखना चाहते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि रूस लाल सागर में अपना अड्डा बना लेगा। सूडान के सैन्य नेताओं ने इस आशय के संकेत दिए भी हैं।

जो हो, मौजूदा सत्ता संघर्ष ने सूडान में प्रजातंत्र की वापसी की संभावनाओं पर एक बार फिर पानी फेर दिया है। विरोध प्रदर्शनकारियों के एक नेता अहमद इस्मत ने खार्तून में 'द इकानामिस्टइ से कहा, "किसी भी युद्ध का अर्थ होता है क्रांति का अंत।" जिन लोगों के हाथों में बंदूक और जेबों में पैसा है उन्हें सत्ता से हटाना वैसे भी मुश्किल होता है। और सूडान में तो ऐसे ही दो गुट आपस में भिड़ गए हैं। जाहिर है सूडानियों की जिंदगी और दुश्वार होने वाली है। इस संघर्ष में अनेक मासूमों का खून बहेगा। बुरहान और डगालो दोनों ने कहा है कि वे समझौते के बारे में सोच ही नहीं रहे हैं और अब आर–पार की लड़ाई लड़ेंगे।तभी तय लगता है कि सूडान प्रजातंत्र की बजाए खूनी गृहयुद्ध की ओर"

**सूडान दुनिया से अलग–थलग पड़ता हुआ था। लोगों की आर्थिक परेशानियां बढ़ती जा रही थीं।तभी अर्धसुरक्षा बल के डगालो को इ आपदा में अवसर दिखाई दिया। आरएसएफ, जिसका मुखिया डगालो है, हमेशा से एक प्रमुख और शक्तिशाली अर्धसैनिक बल रहा है। इसका गठन बशीर ने इसलिए किया था ताकि सेना और गुप्तचर सेवाएं अपनी मनमानी न कर पाएं।इसलिए अजीब बात लगेगी कि सेना उर्फ एसएएफ और अर्धसैनिक बल आरएसएफ दोनों काअलग–अलग नस्लीय आधार भी है। जनरल बुरहान के साथ इस्लामवादी है जिनकी राज्यतंत्र और अर्थव्यवस्था में अच्छी पैठ है। जनरल को पड़ोसी मिश्र का समर्थन भी है।15 अप्रैल को आरएसएफ द्वारा जारी वीडियो में मेरोव एयरबेस पर मिश्र के सैनिक, पायलट दिखलाई दिए हैं।**

# गोंधराज लेबू को डाइट में शामिल करने के लिए ये 5 रेसिपी आजमाएं



गोंधराज लेबू एक तरह का फल है, जो काफिर लाइम की तरह स्वाद में खट्टा होता है। यह फल सिट्रोनेलोल, नेरोल, लिमोनेन, विटामिन सी और अल्कलॉ-इड्स जैसे आवश्यक यौगिकों से भरपूर होता है, जो स्वास्थ्य को कई लाभ देने के साथ–साथ व्यंजनों में एक अच्छा स्वाद जोड़ सकते हैं। आइए आज हम आपको गोंधराज लेबू की 5 रेसिपी बताते हैं, जिनके जरिए आप इस स्वास्थ्यवर्धक फल को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

**गोंधराज मोमोज**

सबसे पहले मैदा, पानी, गोंधराज लेबू का रस और कुकिंग ऑयल को मिलाकर नरम आटा गूंथ लें। अब फिलिंग के लिए एक कटोरे में बारीक कटी सब्जियां, सोया सॉस, काली मिर्च, नमक, गोंधराज लेबू का छिलका, अदरक–लहसुन का पेस्ट, प्याज और गोंधराज नींबू का रस मिलाएं। इसके बाद आटे की छोटी–छोटी लोईयां बेलकर उनमें स्टफिंग डालें और आटे को सील कर दें। अंत में मोमोज को 10–12 मिनट के लिए स्टीम करें, फिर इन्हें शेजवन सॉस के साथ गरमागरम परोसें।

**गोंधराज पुलाव**

सबसे पहले चावल को धोकर छान लें और एक तरफ रख दें। अब पानी, दही और गोंधराज रस को एक साथ मिलाएं, फिर काजू और किशमिश को घी में भूनकर इसमें चावल डालें और 3–5 मिनट तक भूनें। इसके बाद एक कटोरे में तैयार गोंधराज मिश्रण, नमक, चीनी, गोंधराज के पत्ते, काजू, किशमिश और गरम पानी डालकर इसे पका लें। अंत में इसमें गोंधराज का छिलका और घी डालकर 10–12 मिनट के लिए रख दें, फिर इसे परोसें।

**नारियल और गोंधराज लेबू पुडिंग**

सबसे पहले नारियल के दूध में चीनी डालकर इसे 2 मिनट तक पकाएं। अब इसमें अगर–अगर डालकर फिर से पकाएं और मिश्रण को छानकर सांचों में डालें, फिर एक घंटे के लिए इसे फ्रिज में रखें। इसके बाद गोंधराज के रस, पानी, चीनी और गोंधराज लेबू के छिलकों को एक साथ पकाएं और मिश्रण को फ्रिज में रख दें। अंत में मिश्रण को डी–मोल्ड करें और इसे ठंडा–ठंडा परोसें।

**गोंधराज आइसक्रीम**

सबसे पहले एक कटोरे में फ्रेश क्रीम और पिसी चीनी के साथ फेंटे, फिर इसमें गोंधराज का रस और कंडेंस्ड मिल्क डालकर फिर से फेंटें। अब इस मिश्रण को एक पैन में डालें और ऊपर से इस पर गोंधराज के छिलके का रस छिड़कें, फिर पैन को एल्युमिनियम फॉयल से ढकें और इसे 2 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। अंत में मिश्रण को फिर से फेंटें और रातभर के लिए फ्रिज में रखने के बाद अगले दिन खाएं।

इससे न सिर्फ शरीर को भरपूर ऊर्जा और ठंडक मिलेगी, बल्कि यह एक हाइड्रेटिंग ड्रिंक भी है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अनानास और गोंधराज लेबू को छीलकर टुकड़ों में काट लें, फिर इन्हें एक जूसर में डालकर पीसें। अब जूस को बारीक छन्नी से छानकर गिलास में डालें और फिर गिलास में बर्फ के कुछ टुकड़े डालें। अंत में इस ताजी और ठंडी–ठंडी ड्रिंक का सेवन करें।

# मन की बात की शक्तिः समावेशिता और पहुंच की दिशा में भारत की यात्रा का निर्धारण

**संजना गोयल**

2015 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के श्रोताओं के लिए एक अनूठा सुझाव दिया था– मैंने सोचा था कि हम लोगों को विकलांग कहते हैं या जानते हैं क्योंकि उनके शरीर की संरचना में कुछ कमी है या जिनके अंग सही से काम नहीं करते हैं। हालांकि, जब हम उनके साथ बातचीत करते हैं, तो हमें पता चलता है कि ज् भगवान ने उन्हें कुछ अलग शक्ति प्रदान की है जिसे हम अपनी आंखों से नहीं देख सकते हैं, लेकिन जब हम उन्हें काम करते हुए देखते हैं तो हमें उनकी प्रतिभा का एहसास होता है। इसलिए, मैंने सोचा कि क्यों न हमारे देश में विकलांग के बजाय दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाए।

यह अक्षमता के क्षेत्र में समावेशिता और पहुंच की दिशा में एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण की शुरुआत थी और मैं विश्वास के साथ कह सकती हूं कि यह इस माध्यम की शक्ति है, जिसे प्रधानमंत्री ने महसूस किया है और आत्मसात किया है।

इस क्षेत्र के साथ मेरे 3 दशकों से अधिक के जुड़ाव और खुद व्हील चेयर पर होने के कारण, मैंने देखा है कि जब दिव्यांगजनों की बात आती है तो राष्ट्र के सामने कुछ गंभीर चुनौतियां होती हैं, जिनमें से तीन – अनुत्पादकता, शिक्षा और पहुंच सबसे महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, पिछले एक दशक में, हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में एक आदर्श बदलाव देखा गया है। सबका साथ, सबका विकास की दृष्टि से, 3 दिसंबर, 2015 को सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ, विकलांग व्यक्तियों को जीवन के सभी पहलुओं में स्वतंत्र रूप से भाग लेने के लिए समान अवसर प्रदान करने की दिशा में उठाया गया एक आवश्यक कदम था।

लेकिन सरकार की इस नीति के साथ–साथ, ऐसे लोगों के इर्द–गिर्द की कहानी में बदलाव की पहल करना भी उतना ही आवश्यक था या जैसा कि मैं इसे व्यवहार परिवर्तन के लिए जन समर्थन कहना चाहती हूं। उस रेडियो संबोधन के सात साल बाद आज समाज में विकलांग व्यक्तियों के प्रति लोगों के नजरिए में बदलाव साफ नजर आ रहा है।

मन की बात हमारे प्रधानमंत्री को सीधे जनता से जोड़ती है जहां वे इस मुद्दे पर विस्तार से बोलते हैं और इससे व्यक्तियों और संगठनों को अपने–अपने क्षेत्रों में अधिक काम करने की ऊर्जा मिलती है। इसने सभी क्षेत्रों में विकलांग व्यक्तियों के बारे में सार्वजनिक धारणा को बदलने में मदद की है, चाहे वह मीडिया, शिक्षा या खेल हो, जिसके लिए कई पैरालंपियनों ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी दिया है।

नवप्रवर्तन के लिए विचारों को आमंत्रित करने से लेकर, जो दिव्यांगजनों को उनके लिए मौजूदा पहलों और नीतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं, प्रधानमंत्री इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डालने के लिए अक्सर मन की बात के मंच का उपयोग करते हैं। यहां तक कि देश में की जा रही छोटी से छोटी अभिनव और प्रेरक पहल को भी उनके द्वारा अपने रेडियो संबोधन में सामने लाया जाता है। उदाहरण के लिए मस्कुलर डिस्ट्रॉफी का उदाहरण लें, एक वंशानुगत विकार जो मांसपेशियों के द्रव्यमान के क्रमिक नुकसान का कारण बनता है, जिसे 27 नवंबर, 2022 को प्रसारित 'मन की बातइ के 95वें एपिसोड में हाइलाइट किया गया था, जहां प्रधानमंत्री ने हमारे संस्थान इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के बारे में बात की थी जिसने बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने में अद्भुत काम किया था। हालांकि अभी लंबा रास्ता तय करना है, लेकिन विकलांग व्यक्तियों के जीवन और अधिकारों में नई दिलचस्पी हमें सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

यह परिवर्तनकारी मन की बात कार्यक्रम 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह मंच आने वाले समय में भी समावेशी भारत के सपने को साकार करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

कुछ महत्वपूर्ण विषय जिनमें अधिक जागरूकता की आवश्यकता है, वे हैं यूनिवर्सल डिजाइन ताकि दिव्यांगजनों तक पहुंच बढ़ाई जा सके, कार्यस्थल में दिव्यांगजनों के लिए एक समान अवसर बनाने के लिए समुचित समायोजन का दृष्टिकोण, और संभावित स्टार्टअप और इनोवेटर्स के लिए बाजार पहुंच के पर्याप्त अवसर को बढ़ावा देना सहायक टच (एटी) क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए इसकी मांग बढ़ रही है।

एक पृथ्वी – एक परिवार – एक भविष्य विषय के साथ जी20 में भारत की अध्यक्षता प्रगति और विकास के आसपास की चर्चाओं में विकलांग व्यक्तियों को शामिल करने को प्राथमिकता देने का अवसर प्रस्तुत करती है। यह भारत को समावेशिता और पहुंच को बढ़ावा देने में एक वैश्विक पथ प्रदर्शक के रूप में स्थापित करेगा, क्योंकि अपनी शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर भारत के लिए यह एक महान लक्ष्य है।

इसके लिए, यह सुझाव दिया जाता है कि साल भर चलने वाले अभियान को लागू किया जाए, जिसमें हर महीने की 11 तारीख को विकलांगता के लिए विशेष दिन के रूप में नामित किया जाता है। यह दिन विकलांग व्यक्तियों को नौकरियों की पेशकश, साहस और पहल की कहानियों को साझा करने और इस विचार को शुरू करने के लिए मन की बात का बेहतर मंच के रूप में जश्न मनाने और समर्थन करने का अवसर होगा। सांकेतिक तिथि के रूप में 11 का चुनाव इस अवधारणा को दर्शाता है कि छोटे प्रयास जब संयुक्त होते हैं तो महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

इस प्रकार, विकलांगता अधिकारों और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए हर योगदान मूल्यवान है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए।

मैं मन की बात की आगामी 100वीं कड़ी और राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर हमारे प्रधानमंत्री के ज्ञान के शब्दों को सुनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि सरकार द्वारा हम सबमें कर सकते हैं की भावना जगाने वाले कदमों की चर्चा मन की बात में और उसके माध्यम से होती रहेगी, ताकि पूरा देश समावेशी भारत के निर्माण के लिए उत्साह, प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए पंच प्राण को पूरा करते हुए, इससे ओत–प्रोत हो सके, क्योंकि हम अमृत काल में प्रवेश कर चुके हैं।

# मुद्दा : जेल में भी जिंदगी से जद्दोजहद

**सुशील देव**



एक तो जेल। उसके अंदर भी परेशानी। देश में ज्यादातर जेलों की हालत खराब है। कुछ तो बेहतर हालत में हैं, मगर अधिकांश जेलों में क्षमता से अधिक कैदी भरे हुए हैं।

इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि भीड़–भाड़ वाले जेलों में कैदियों की हालत क्या होती होगी? किस तरह से उन्हें शौच–पेशाब, नहाना–खाना या सोने–बैठने में दिक्कत आती होगी। मीडिया के जरिए समय–समय पर जेलों की ऐसी व्यथा–कथा बाहर आती रहती है। मगर इसे लेकर न तो जेल प्रशासन और न ही सरकार के स्तर पर किसी प्रकार की गंभीरता देखी जाती है। सनद रहे कि सर्वोच्च अदालत तक चिंता जता चुकी है कि जेलों में क्षमता से अधिक कैदी रखना मानवाधिकार का उल्लंघन है।

विशेषज्ञों के मुताबिक खास तौर पर विचाराधीन कैदियों का लंबे समय तक जेलों में बने रहना चिंता का विषय है। 1970 में राष्ट्रीय जेल जनगणना से पता चला था कि जेल के 52 फीसद कैदी मुकदमे की प्रतीक्षा कर रहे थे। तब से धीरे–धीरे यह सिलसिला आगे ही बढ़ रहा है। यानी जेल में भीड़–भाड़ को कम करना है तो विचाराधीन कैदियों की संख्या को काफी कम करना होगा। भले ही यह अदालतों के बिना संभव नहीं, परंतु इस दिशा में न्याय प्रणाली के तीनों अंगों को सामंजस्यपूर्ण ढंग से कार्य करना चाहिए।

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लोक सभा में जानकारी दी है कि देश भर की जेलों में बंद 1400 से अधिक कैदी अपनी सजा काटने के बाद जुर्माने की राशि का भुगतान नहीं कर पाने की वजह से अभी भी जेलों में बंद हैं। इनकी रिहाई समय से हो जाती तो शायद जेलों का भार कम होता।

गौरतलब है कि जेलों में कैदियों को क्षमता से ज्यादा रखने के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है। यहां कैदियों की संख्या लगभग दोगुना है। दूसरे नंबर पर बिहार और तीसरे नंबर पर मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र की जेलें हैं। इन जेलों में कैदियों का बहुत बुरा हाल है। इसके अलावा क्षमता से अधिक कैदी रखने वाले राज्यों में असम, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य शामिल हैं। मतलब साफ है कि कैदियों को जेलों में रखने में असंतुलन बड़े राज्यों में ज्यादा है। अगर हम दिल्ली के तिहाड़ की एक जेल, नंबर–4 की बात करें तो वहां 740 की जगह 3700 से अधिक कैदी बंद हैं। यहां नहाने–धोने या टॉयलेट जाने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती है। कई बार आपसी लड़ाई–झगड़े के कारण जेल प्रशासन को बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। उन पर नजर रखने में संघर्ष करना पड़ता है। दूसरी ओर कोरोना जैसी महामारी भी कई जेलों के लिए चिंता का सबब बन गई थी।

एशिया की सबसे बड़ी जेल तिहाड़ में 80 प्रतिशत ऐसे कैदी हैं, जिन्हें अदालत से जमानत मिलने के बाद भी सलाखों के पीछे रहना पड़ रहा है। उनके पास जुर्माना के राशि चुकाने तक के पैसे नहीं। इस प्रकार दिल्ली में कुल 16 जेल हैं, जो करीब–करीब क्षमता से अधिक कैदियों से भरे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्डस ब्यूरो यानी एनसीआरबी के मुताबिक देश में कुल 1412 जेलों में अपने निर्धारित क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। इसमें साल–दर–साल बढ़ोतरी ही होती जा रही है, जबकि जेलों की संख्या में मामूली वृद्धि हुई है। सर्वोच्च अदालत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनवी रामना के मुताबिक आज आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रक्रिया ही सजा बन गई है। इस वजह से भी जेलों में कैदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसलिए अंधाधुंध गिरफ्तारी से लेकर जमानत हासिल करने में आ रही मुश्किलों के कारण विचाराधीन कैदियों को लंबे समय तक कैद में रखने की प्रक्रिया पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है।

अंडर ट्रायल के तौर पर कैदियों का सालों से बंद रहना उचित नहीं है। फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना व खुली जेल बनाना इसके उपाय हो सकते हैं। इसके अलावा कई न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए त्वरित कदम उठाए जाने की जरूरत है। दुनिया के कई अन्य देशों की तुलना में भारतीय जेलों में कैदियों की अपेक्षाकृत कम संख्या होने के बावजूद कई समस्याएं हैं। भीड़–भाड़, अंडर–ट्रायल, कैदियों की लंबे समय तक हिरासत, असंतोषजनक रहने की स्थिति, उपचार कार्यक्रमों की कमी और जेल कर्मचारियों के उदासीनता के कारण असंतुलन की स्थिति है। यहां तक कि अमानवीय नजरिए ने आलोचकों का ध्यान खींचा है।

## भारत आएंगे पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी अगले महीने भारत दौरे पर आएंगे। वह शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की गोवा में होने वाली मीटिंग में हिस्सा लेने आएंगे। यह मीटिंग 4 और 5 मई को होने वाली है। बिलावल भुट्टो जरदारी बीते 12 सालों में भारत का दौरा करने वाले पाकिस्तान के पहले विदेश मंत्री होंगे। आखिरी बार 2011 में पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत का दौरा किया था। लेकिन पठानकोट हमले, उड़ी अटैक और फिर पुलवामा हमले जैसी घटनाओं के चलते दोनों देशों के रिश्ते निचले स्तर पर पहुंच गए थे। बीते कई सालों से दोनों देशों की लीडरशिप के बीच संवाद नहीं रहा है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। बताया गया है कि बिलावल के साथ अधिकारियों का एक डेलिगेशन भी भारत दौरे पर आएगा। इससे पहले दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादित बयान दिया था। इसके चलते उन्हें अपने ही देश में आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। दरअसल संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को पालने-पोसने का आरोप लगाया था। जिसके जवाब में बिलावल भुट्टो ने पीएम मोदी पर विवादित बयानबाजी की थी।

## मकान की खुदाई के दौरान मिले 240 चांदी के सिक्के, मजदूर ने पुलिस को सौंपे

**दमोह , एजेंसी।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में एक मकान के निर्माण के लिए चल रही खुदाई के दौरान ब्रिटिश कालीन 240 सिक्के मिले हैं। ये सिक्के लगभग 136 साल पुराने हैं। बाद में मजदूर ने इन सिक्कों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र में एक मकान निर्माण के लिए खुदाई का काम चल रहा था, इसी दौरान मजदूर हल्के अहिरवार को मौके से सिक्के मिले, वह सिक्के अपने घर ले गया मगर रात भर उसे नींद नहीं आई। आखिरकार उसने ये सिक्के पुलिस को सौंपने का फैसला किया।

कोतवाली थाने के प्रभारी विजय राजपूत ने संवाददाताओं को बताया कि बड़ापुरा क्षेत्र में रहने वाले हल्के अहिरवार ने पुलिस को ये सिक्के सौंपे हैं। उसने बताया है कि मंगलवार को मकान की खुदाई के दौरान उसे ये सिक्के एक मटके में मिले थे। पहले वह घर ले गया लेकिन बाद में पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक ये सिक्के विक्टोरिया रानी के कार्यकाल के हैं और बाजार में प्रति सिक्के की कीमत आठ सौ रुपये से ज्यादा की आंकी गई हैं। पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है।


## हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष का विवादित बयान, ओयो रुम्स में लड़कियां ...

**चंडीगढ़, एजेंसी,।** हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने महिलाओं को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने एक कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान कहा कि 'ओयो रूम्स में लड़कियां हनुमान की आरती करने नहीं जातीं हैंइ उन्होंने कहा, ऐसी जगहों पर जाते समय यह भी ख्याल रखना चाहिए कि आपके साथ बुरा भी हो सकता है। दरअसल आरकेएसडी कॉलेज में साइबर क्राइम और जागरूकता कार्यक्रम के दौरान रेनू भाटिया महिला उत्पीडन् के लिए जागरूक करने पहुंची थीं।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन में बने लिवइन रिलेशनशिप कानून के चलते आयोग को कई मामलों को सुलझाने में हाथ बांधने पड़ रहे हैं।

# स्पेसएक्स के स्टारशिप रॉकेट में लॉन्चिंग के बाद विस्फोट, चंद मिनटों में ही टुकड़ों में बंटा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया की दिग्गज अंतरिक्ष अन्वेषण कंपनी स्पेसएक्स का स्टारशिप रॉकेट ने गुरुवार को अपनी पहली परीक्षण उड़ान भरी। हालांकि, लॉन्चिंग के बाद ही इसमें विस्फोट हो गया। दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट ने शाम करीब सात बजे टेक्सास के बोका चिका से उड़ान भरी थी। यह स्टारशिप का पहला ऑर्बिटल टेस्ट था। इससे पहले 17 अप्रैल को भी इसे लॉन्च करने की कोशिश की गई थी। इसके बाद प्रेशर वाल्व के फ्रीज होने की वजह से इसे रोकना पड़ा था। मामले में स्पेसएक्स ने कहा कि आज हमने बहुत कुछ सीखा है। इससे हमें आगे सफलता मिलेगी। आज का टेस्ट हमें स्टारशिप की विश्वसनीयता में सुधार करने में मदद मिलेगी। कंपनी के मालिक एलन मस्क ने टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कुछ महीनों में



अगले टेस्ट लॉन्च के लिए बहुत कुछ सीखा।

स्पेसएक्स के स्टारशिप अंतरिक्ष यान और सुपर हेवी रॉकेट को सामूहिक रूप से स्टारशिप का नाम दिया गया है। स्टारशिप दोबारा इस्तेमाल किया जा सकने वाला अंतरिक्ष यान है जो क्रू और कार्गो दोनों को पृथ्वी की कक्षा, चंद्रमा, मंगल और उससे आगे ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह दुनिया का अब तक का सबसे शक्तिशाली लॉन्च वाहन होगा। रॉकेट की ऊंचाई 120 मीटर और व्यास 9 मीटर है, जबकि इसकी पेलोड क्षमता 100 से 150 टन है।सुपर हेवीः सुपर हेवी स्टारशिप लॉन्च सिस्टम का पहला चरण या बूस्टर है। सब-कूल्ड लिक्विड मीथेन (उल्4) और लिक्विड ऑक्सीजन (छड) का उपयोग कर 33 रैप्टर इंजन द्वारा संचालित, सुपर हैवी पूरी तरह से दोबारा इस्तेमाल होने वाला रॉकेट है। यह पृथ्वी के वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करके लॉन्च साइट पर वापस उतर सकेगा। इसकी ऊंचाई 69 मीटर, व्यास 9 मीटर और प्रणोदक क्षमता 3,400 टन प्रति 7.5 एमएलबी है।

स्टारशिपः स्टारशिप अंतरिक्ष यान और स्टारशिप सिस्टम का दूसरा चरण है। यान में एकीकृत पेलोड सेक्शन है और चालक दल और कार्गो को पृथ्वी की कक्षा, चंद्रमा, मंगल और उससे आगे ले जाने में सक्षम है। स्टारशिप पृथ्वी पर एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में भी सक्षम है। इसके द्वारा एक घंटे या उससे भी कम समय में दुनिया में कहीं भी जाया जा सकता है।

रैप्टर इंजनः रैप्टर इंजन भी दोबारा इस्तेमाल किया जा सकने वाला मीथेन-ऑक्सीजन चरणबद्ध-दहन इंजन है। यह स्टारशिप सिस्टम को शक्ति प्रदान करता है और इसकी थ्रस्ट क्षमता फाल्कन 9 मर्लिन इंजन की दोगुना है। स्टारशिप छह इंजनों, तीन रैप्टर इंजनों और तीन रैप्टर वैक्यूम (फ्रॅ) इंजनों द्वारा संचालित होगा, जिन्हें अंतरिक्ष के निर्वात में उपयोग के लिए डिजाइन किया गया है। सुपर हेवी को 33 रैप्टर इंजन द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें 13 केंद्र में और बाकी 20 बूस्टर के पिछले छोर की परिधि के आसपास होंगे। इसका व्यास 1.3 मीटर है जबकि ऊंचाई 3.1 मीटर है।

विशालकाय रॉकेट को अमेरिकी राज्य टेक्सास के बोका चिका में स्पेसएक्स स्पेसपोर्ट से 17 अप्रैल सुबह 8:00 बजे सेंट्रल टाइम (1300 जीएमटी) पर लांच करने के लिए निर्धारित किया गया था। जब ऐन वक्त पर इसे टाला गया तो सप्ताह के अंत में रिजर्व समय पर इसकी लॉन्चिंग तय की गई। इसी के तहत इसे गुरुवार शाम लॉन्च किया गया। स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने कहा था कि यह एक अलग संभावना है।

## सहयोग और टीम वर्क क्षेत्र में सरकारी विभागों के प्रयासों के परिणामों को बढ़ाने की कुंजी : एडीजी राजिंदर चौधरी

**चंडीगढ़ एजेंसी,।** प्रेस सूचना ब्यूरो, चंडीगढ़ द्वारा आज सेक्टर 6, चंडीगढ़ में यूटी स्टेट गेस्ट हाउस में इंटर-मीडिया प्रचार समन्वय समिति (आईएमपीसीसी) की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त महानिदेशक (क्षेत्र) पीआईबी चंडीगढ़, राजेंद्र चौधरी ने की। बैठक विभिन्न विभागों के सदस्यों को उनकी योजनाओं और गतिविधियों के प्रभाव को बढ़ाकर उनकी गतिविधियों और पहलों को उजागर करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए बुलाई गई है।बैठक सरकारी पहलों के बारे में विचारों और सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करती है और सर्वोत्तम मीडिया कवरेज देने का प्रयास करती है। प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल और वेबसाइटों के माध्यम से जहां भी संभव हो सूचना और ग्राफिक्स के माध्यम से उनके कार्यक्रमों के लिए और क्षेत्र में स्थानीय और राष्ट्रीय महत्व की घटनाओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस या मीडिया ब्रीफिंग की व्यवस्था करने में भी मदद करता है। बैठक के दौरान राजिंदर चौधरी ने प्रेस सूचना ब्यूरो, चंडीगढ़ और केंद्रीय संचार ब्यूरो, चंडीगढ़ क्षेत्र के कामकाज पर प्रकाश डाला। चौधरी ने जोर देकर कहा कि क्षेत्र में सूचना और प्रसारण मंत्रालय, राज्य डीआईपीआर और केंद्र सरकार के विभागों की विभिन्न मीडिया इकाइयों के बीच अंतर-मीडिया संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने योजनाओं की बेहतर मीडिया कवरेज प्राप्त करने में सार्थक जानकारी और बेहतर मीडिया एकीकरण और तालमेल देने में विभागों के बीच सहयोग पर भी जोर दिया। बैठक के दौरान, भाग लेने वाले सरकारी विभागों के नामित नोडल अधिकारियों से इनपुट लिया गया और विभिन्न कार्रवाई बिंदुओं और तौर-तरीकों पर भी काम किया गया और बेहतर दृश्यता और कवरेज और साथ ही फीडबैक रणनीतियों के निर्माण में सहायता के लिए सुझाव दिए गए।

## कोविड की टेंशन के बीच पीएमओ ने स्थिति की समीक्षा की, अस्पतालों को तैयार रहने का निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने तैयारियों के स्तर और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया की निगरानी के लिए समीक्षा बैठक की। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के अनुसार, मिश्रा ने अधिकारियों को उप-जिला स्तर तक अस्पताल के बुनियादी ढांचे की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने की सलाह दी। उन्होंने कोविड-19 स्थिति की नियमित रूप से जांच करने और राज्यों को मार्गदर्शन देने के लिए सलाह को अपडेट करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।मिश्रा ने लोगों के बीच टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण की चल रही समय-परीक्षणित रणनीति को जारी रखने और कोविड उचित व्यवहार के पालन का भी आह्वान किया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण द्वारा एक प्रस्तुति दी गई,

## शहबाज शरीफ ने कहा- न्यायपालिका संविधान को दोबारा नहीं लिख सकती

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** देश में चल रहे संवैधानिक और राजनीतिक संकट के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने न्यायपालिका से अपनी भूमिका का पुनर्मूल्यांकन करने और संविधान का रक्षक बनने का आग्रह किया है। शरीफ ने 1973 संविधान मोबाइल एप्लिकेशन के लॉन्च समारोह को संबोधित करते हुए कहा- दुनिया में कहीं भी ऐसा नहीं होता है कि कोई अदालत किसी कानून के खिलाफ स्थगन आदेश जारी करे, जो अभी भी बना हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च रखने के लिए संविधान को बनाए रखने के लिए राज्य संस्थानों को एकजुट होने का समय है। शरीफ का विचार है कि पाकिस्तान वर्तमान में संवैधानिक चुनौतियों के चौराहे पर है, जिसके लिए राज्य संस्थानों को आगे आने की आवश्यकता है।

संविधान की जड़ें संसद में हैं और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त अवधारणा के अनुसार, न्यायपालिका कानून की केवल व्याख्या कर सकती है, लेकिन इसे फिर से नहीं लिख सकती है। शरीफ ने कहा कि 1973 का संविधान सभी पृष्ठभूमि के राजनेताओं के कठिन परिश्रम का परिणाम था, जो पवित्र दस्तावेज के निर्माण में आम सहमति पर पहुंचे थे।

उन्होंने याद किया कि पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो, मुफ्ती महमूद, खान अब्दुल वली खान और कई अन्य राजनीतिक नेताओं सहित अपने समय के दिग्गज राजनेताओं ने अपने राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर एक ऐसा संविधान लिखा, जिसने महासंघ के लिए एक बाध्यकारी शक्ति के रूप में काम किया।

शरीफ ने कहा कि हालांकि राजनेताओं ने अतीत में गलतियां की हैं, लेकिन अब उन्हें सुधारने का समय आ गया है।

## मानहानि केस में राहुल गांधी को झटका, कोर्ट ने खारिज की याचिका, अब हाईकोर्ट में करेंगे अपील

**सूरत, एजेंसी।** सूरत की सत्र अदालत ने 'मोदी सरनेमइ मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी। राहुल गांधी ने दो साल की सजा पर रोक लगाने की अपील की थी। अब राहुल हाईकोर्ट में अपील करेंगे। अदालत ने अप्रैल 2019 में कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली में की गई टिप्पणी के लिए 23 मार्च को राहुल गांधी को दोषी ठहराया था, जहां उन्होंने कहा था कि मोदी उपनाम वाले सभी लोग चोर हैं। अदालत ने उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई, और उन्हें अगले दिन लोकसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। राहुल गांधी के वकीलों ने दो आवेदन दायर किए थे, एक मामले के निस्तारण तक जमानत के लिए और दूसरा अपील पर फैसला होने तक सजा को निलंबित करने के लिए। गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एस. चीमा ने तर्क दिया कि केवल एक पीड़ित व्यक्ति ही कानून के अनुसार मानहानि की शिकायत कर सकता है।

## शाह की मौजूदगी में असम और अरुणाचल के बीच सीमा विवाद पर एमओयू पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सामने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पांच दशक पुराना विवाद समाप्त करने के समझौते पर हस्ताक्षर किया। शाह ने दोनों राज्यों के सीमा समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए विकसित, शांत और विवाद मुक्त पूर्वोत्तर की दिशा में एक अहम कदम बताया।

अमित शाह के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पूर्वोत्तर भारत में सभी विवादों को समाप्त कर पूरी तरह शांति स्थापित करने की कोशिश में जुटी है। पिछले साल असम ने मेघालय के साथ लगभग 67 फीसद सीमा पर विवाद समाप्त करने के लिए समझौता किया था। अब असम और अरुणाचल प्रदेश की सीमा पूरी तरह से विवाद मुक्त हो गई है।

शाह ने कहा कि अन्य राज्यों के साथ विवाद समाप्त करने के लिए बातचीत की प्रक्रिया जारी



है। सबसे बड़ी बात यह है कि पूरे विवाद को समाप्त करने में स्थानीय लोगों को भरोसे में लिया गया और 12 क्षेत्रीय कमेटियों ने ग्रामीणों से बातचीत की। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार आने के बाद पूर्वोत्तर भारत में एक के बाद एक सारे विवाद समाप्त हो रहे हैं। इससे शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद से ब्रू, एनएलएफटी, बोडो, कार्बी-आंगलोंग और आदिवासी गुटों के साथ समझौता कर विवाद को समाप्त किया जा चुका है। इसके कारण लगभग 8000 युवा हथियार सौंप कर मुख्यधारा में लौटे हैं। इसका परिणाम है कि 2014 के बाद से पूर्वोत्तर भारत में हिंसा में 67 फीसद, सुरक्षा बलों की मौत के मामलों में 60 फीसद और आम नागरिकों की मौत के मामलों में 83 फीसद की कमी आई है।मेघालय और त्रिपुरा में अफस्पा पूरी तरह से समाप्त हो चुका है, जबकि असम के 70 फीसद हिस्से इससे मुक्त हो चुके हैं। सरकार की कोशिश जल्द से जल्द पूर्वोत्तर भारत को पूरी तरह से अफस्पा मुक्त बनाने की है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि कहने को तो विवाद सीमा के सटे 123 गावों को लेकर था लेकिन यह पूरे 800 किलोमीटर की सीमा तक फैला था।

इस समझौते के बाद सभी गांव में विवाद खत्म हो गया है। केवल दो गांव का सर्वे कर सीमांकन किया जाएगा। समझौते में यह भी है कि दोनों पक्ष भविष्य में एक दूसरे के किसी भी गांव पर दावा नहीं करेंगे। दोनों मुख्यमंत्रियों ने समझौता पूरा कराने के लिए अमित शाह का आभार जताया।

## विश्वभारती ने अमर्त्य सेन से 6 मई तक 'अतिरिक्त भूमि खाली करने को कहा

**कोलकाता, एजेंसी।** विश्वभारती विश्वविद्यालय ने नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को अंतिम निष्कासन नोटिस जारी कर उन्हें पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में विश्वविद्यालय परिसर के भीतर 6 मई तक विवादित 13 डिसमिल जमीन खाली करने को कहा है। सेन इस समय अमेरिका में हैं। 13 अप्रैल को बोलपुर में एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस के हस्तक्षेप का आदेश देने के बावजूद विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने यह ताजा नोटिस जारी किया है।सूत्रों के अनुसार, नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री के वकील द्वारा दायर एक याचिका के बाद कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने आदेश दिया था। इसमें भूमि के विवादित हिस्से को लेकर सेन के खिलाफ विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा संभावित बेदखली अभियान पर कानून और व्यवस्था के उल्लंघन की आशंका व्यक्त की गई थी।

## बॉलीवुड से दुखद खबर, दिवंगत डायरेक्टर यश चोपड़ा की पत्नी का निधन

**मुंबइ 'एजेंसी,।** बॉलीवुड से एक बेहद दुखद खबर सामने आ रही है। इंडियन सिनेमा के दिग्गज दिवंगत डायरेक्टर यश चोपड़ा की पत्नी पामेला चोपड़ा का निधन हो गया है। पामेला चोपड़ा ने 85 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। पामेला चोपड़ा के निधन से पूरी इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा है। ट्रेड एनालिस्ट कोमल नाहटा ने पामेला चोपड़ा की मौत की पुष्टि की है।

# लू से तप रहा देश, डेंजर जोन में भारत का 90%हिस्सा- मंडरा रहा खतरा

**नई दिल्ली एजेंसी,** भारत में गर्मी ने कहर बरपा रखा है। जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में 'लूइ लगातार और भी खतरनाक होती जा रही है। एक नई रिसर्च में कहा गया है कि देश का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा और पूरी दिल्ली लू के प्रभावों के 'खतरे के क्षेत्र में है। जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में लगातार लू खतरनाक होती जा रही है।बता दें, यह अध्ययन कैंब्रिज विश्वविद्यालय में रमित देबनाथ और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया है। रिसर्च में कहा गया है कि 'लूइ ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में भारत की प्रगति को पहले की तुलना में ज्यादा बाधित किया है।

गौरतलब है रविवार को नवी मुंबई में महाराष्ट्र सरकार के एक पुरस्कार समारोह में लू की वजह से 13 लोगों की मौत हो गई थी। लू की यह घटना अबतक की सबसे बड़ी दर्दनाक घटनाओं में से एक है। वहीं, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने हाल ही में उत्तर-पश्चिम और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों को छोड़कर अप्रैल से जून तक देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की बात कही है।1901 के बाद साल 2023 में सबसे गर्म फरवरी का अनुभव किया। हालांकि, मार्च में सामान्य से अधिक बारिश हुई, जिससे तापमान सामान्य रहा।

साल 2022 का मार्च अबतक का सबसे गर्म और 121 वर्षों में तीसरा सबसे सूखा वर्ष था। एक रिपोर्ट की माने तो देश में करीब 75 प्रतिशत कर्मचारी यानी लगभग 38 करोड़ लोग गर्मी की वजह से तनाव में रहते हैं।

# समलैंगिक विवाहः सुको ने कहा- मामलों की संख्या बहुत अधिक, संविधान पीठ के मामलों को सूचीबद्ध करना फिलहाल असंभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के अनुरोध वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। सुनवाई के तीसरे दिन गुरुवार को शीर्ष अदालत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मुकदमों की आवक इतनी अधिक है कि संविधान पीठ के मामलों को तब तक सूचीबद्ध करना असंभव है जब तक कि बहस करने के लिए समय निर्धारित न किया जाए। इससे पहले बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को समयबद्ध तरीके से खत्म करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा था कि अन्य मामले भी हैं जिन्हें सुनवाई का इंतजार हैं।

इस मामले की सुनवाई कर रही पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ का नेतृत्व कर रहे मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि उनके पहले के मुख्य न्यायाधीशों ने संविधान पीठ का गठन नहीं किया था क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में इतने अधिक मामले आते हैं, जिसे लेकर अदालत पर काफी दबाव होता है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान पीठ को वास्तव में चलाना है, तो आप जानते हैं, पांच न्यायाधीशों के अपने नियमित काम छोड़कर इसमें लगना पड़ेगा। यही कारण है कि मेरे से पहले के मुख्य न्यायाधीशों ने संविधान पीठ का गठन नहीं किया क्योंकि आप नहीं जानते कि यहां किस तरह का दबाव होता है। हर शाम मैं पूछता हूं कि कितने मामले आए हैं और कितने मामलों का निपटारा किया गया है।



सीजेआई ने कहा कि पहले से लंबित पड़े मामलों में हम और जोड़ना नहीं चाहते। हमारी अदालत में यही असली समस्या है। मामलों की आमद इतनी ज्यादा है कि जबतक हम समय का निर्धारण शुरू नही करते, आप जानते हैं, संविधान पीठ के मामलों को सूचीबद्ध करना असंभव है। इस इस पीठ में सीजेआई चंद्रचूड़ के अलावा न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति एसआर भट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा भी शामिल हैं।

समलैंगिक विवाह के मुद्दे पर लगातार तीसरे दिन सुनवाई की शुरुआत में एक वकील ने पीठ को वकीलों की एक सूची सौंपी। जिसमें बताया गया कि ये वकील याचिकाकर्ताओं की ओर से बहस करेंगे और साथ ही उन्हें कितना समय लगेगा। सीजेआई ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के पक्ष को दिन के अंत तक अपनी दलीलें पूरी करनी होंगी क्योंकि अदालत को दूसरे पक्ष को भी पर्याप्त समय देना है। उन्होंने कहा, ऐसे भी सुप्रीम कोर्ट हैं जहां 30 मिनट में पूरी बहस खत्म करनी होती है। हमने इस अदालत में याचिकाकर्ताओं के पक्ष को तीन दिन का समय दिया, मुझे लगता है कि यह काफी ज्यादा है।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि पीठ ने शुरुआत में ही संकेत दे दिया था कि वह किस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करेगी और मामले से कैसे निपटेगी। पीठ ने कहा कि अगले सप्ताह वह सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को बैठेंगे ताकि दोनों पक्षों की बहस खत्म हो सके। सुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं में से एक ने कहा कि वे समय में कटौती करेंगे और याचिकाकर्ताओं का पक्ष सोमवार को अपनी दलीलें समाप्त करेगा।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा, आप लोग यह भी जानते हैं कि इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। हम इसे समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप इसे समाप्त नहीं करना चाहते हैं, तो आप इसे समाप्त नहीं करें।शीर्ष अदालत ने मंगलवार को स्पष्ट किया था कि समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर फैसला करते समय वह शादियों से जुड़े 'पर्सनल लॉ' पर विचार नहीं करेगा।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 19.04.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/।।/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 26-DRM-MB-23-24 Date 19.04.2023 | 16-DRM-MB-23-24 Date 19.04.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता उ.रे. हरदोई -।। के अधीन (14 ऑटो हट बिल्डिंग, 09 नंबर एलसी गेट बिल्डिंग और 01 नंबर टाइप-।।। क्वार्टर के तहत आरएसी-एसपीसी सेक्शन में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्निलिंग कार्य के संबंध में एबीएस बिल्डिंग, एलसी गेट्स गुमटी और 01 टाइप-3 क्वार्टर का प्रावधान) का कार्य। | सहायक मंडल अभियंता उ.रे. हरदोई -।। के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियंता/कार्य/बालामऊ के खण्ड में BLM, MAH, SFPR स्टेशन कॉलोनी के रोड की मरम्मत और वरिष्ठ खण्ड अभियंता/रेल पथ/ SFPR का स्टोर एवं एप्रोच रोड और विभिन्न कार्य का प्रावधान। |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 16.05.2023 16:00 | 16.05.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 2,99,99,810.18 | 60,49,937.10 |
| धरोहर राशि | 3,00000.00 | 1,21,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 02.04.2023 | 02.04.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | 06 माह |

1189/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

शुद्धिपत्र

1 निविदा सूचना सं0 03-GSU-MB-23-24 दि0 05.04.2023 खुलने की तिथि 05.05.2023.
2 निविदा सूचना सं0 09-GSU-MB-23-24 दि0 14.04.2023. खुलने की तिथि 08.05.2023
उपरोक्त निविदा जो कि उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति यूनिट/उ०रे०/मुरादाबाद के अधीन आमंत्रित की गयी थीं। उपरोक्त निविदा के शैडयूल में परिवर्तन किया गया है एवं निविदा की राशि भी परिवर्तित की गयी है जो कि निम्न प्रकार है।

| क्रम सं | टैंडर संख्या | पूर्व निविदा राशि | संशोधित निविदा राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 03-GSU-MB-23-24 | 57342309.49 | 57367633.28 |
| 2 | 09-GSU-MB-23-24 | 60085671.51 | 60036458.42 |

शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1178/23

# आईपीएल के इतिहास में शायद पहली बार! 26 मैच में 26 नए खिलाड़ी बने मैच विनर



नई दिल्ली । दुनिया की सबसे बड़ी और चर्चित लीग आईपीएल के हर मैच में एक ऐसा खिलाड़ी होता है जो शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को मैच जीताता है, इस खिलाड़ी को मुकाबले के बाद प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा जाता है।

हर टीम में ऐसे कुछ ही खिलाड़ी होते हैं जो टीम की जीत में छाप छोड़ने के लिए जाने जाते हैं, मगर अगर हम कहें कि आईपीएल 2023 में अभी तक हर मैच में एक नया मैच विनर उभरकर सामने आया है तो आप क्या कहेंगे ?जी हां, इस साल कुछ ऐसा ही हुआ है। आईपीएल के सीजन 16 में अभी तक कुल 26 मैच खेले गए हैं और हर मुकाबले में किसी नए खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया है। इसका मतलब है कि 26 मैच के 26 अलग–अलग मैच विजेता खिलाड़ी। आईपीएल के इतिहास में शायद इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ है।

अब तक हुए 26 मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड की लिस्ट

मैच–1 गुजरात बनाम चेन्नई राशिद खान
मैच–2 पंजाब बनाम कोलकाता अर्शदीप सिंह
मैच–3 लखनऊबनाम दिल्ली मार्क वुड
मैच–4 राजस्थान बनाम हैदराबाद जोस बटलर
मैच–5 बैंगलोर बनाम मुंबई फाफ डु प्लेसिस
मैच–6 चेन्नई बनाम लखनऊमोइन अली
मैच–7 गुजरात बनाम दिल्ली साईं सुदर्शन
मैच–8 पंजाब बनाम राजस्थान नाथन एलिस
मैच–9 कोलकाता बनाम बैंगलोर शार्दुल ठाकुर
मैच–10 लखनऊबनाम हैदराबाद क्रुणाल पांड्या
मैच–11 राजस्थान बनाम दिल्ली यशस्वी जायसवाल
मैच–12 चेन्नई बनाम मुंबई रविंद्र जडेजा
मैच–13 कोलकाता बनाम गुजरात रिंकू सिंह
मैच–14 हैदराबाद बनाम पंजाब शिखर धवन
मैच–15 बैंगलैर बनाम लखनऊनिकोलर पूरन
मैच–16 दिल्ली बनाम मुंबई रोहित शर्मा
मैच–17 चेन्नई बनाम राजस्थान आर अश्विन
मैच–18 पंजाब बनाम गुजरात मोहित शर्मा
मैच–19 कोलकाता बनाम हैदराबाद हैरी ब्रूक
मैच–20 बैंगलोर बनाम दिल्ली विराट कोहली
मैच–21 लखनऊबनाम पंजाब सिकंदर रजा
मैच–22 मुंबई बनाम कोलकाता वेंकटेश अय्यर
मैच–23 गुजरात बनाम राजस्थान शिमरन हेटमायर
मैच–24 बैंगलोर बनाम चेन्नई डेवोन कॉन्वे
मैच–25 हैदराबाद बनाम मुंबई कैमरून ग्रीन
मैच–26 राजस्थान बनाम लखनऊमार्कस स्टॉयनिस

# दिल्ली कैपिटल्स के आधा दर्जन बल्लेबाजों के 16 बैट चोरी, किट बैग से अन्य सामान भी गायब



नई दिल्ली ,। आईपीएल 2023 में सबसे खराब स्थिति में चल रही दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दिल्ली कैपिटल्स टीम के खिलाड़ियों के बैट, पैड, ग्लव्स एवं जूते तक चोरी हो गए। इस मामले में मुकदमा दर्ज करवाया गया है, मगर सबसे अधिक हैरान कर देने वाली बात यह है कि विदेशी खिलाड़ियों के बल्ले भी चोरी हो गए हैं, जिनके एक–एक का दाम एक–एक लाख रुपये तक है। दिल्ली कैपिटल्स के लगभग आधा दर्जन बल्लेबाजों के 16 बैट चोरी हुए हैं।

प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मुकाबला खेलने के पश्चात् जब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी दिल्ली पहुंचे एवं उनके पास उनके किट बैग पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। कप्तान डेविड वॉर्नर के 3 बैट, मिचेल मार्श के 2 बैट, फिल साल्ट के 3 एवं यश धुल के 5 बैट चोरी हुए हैं। इसके अतिरिक्त किसी के पैड, किसी के ग्लव्स तो किसी जूतों के अतिरिक्त अन्य क्रिकेटिंग उपकरण दिल्ली नहीं पहुंच पाएं हैं, जो निश्चित तौर पर एक चोरी कही जाएगी।

हालांकि, इस मामले में दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने शिकायत दर्ज करा दी है। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स किसी प्रकार अभ्यास सत्र कराने में कामयाब रही। बल्लेबाजों में से कुछ ने अपने एजेंटों से संपर्क किया तथा अपनी बैट कंपनियों से अनुरोध किया कि अगले गेम से पहले कुछ बल्ले भेज दें। विदेशी खिलाड़ियों को इतनी जल्दी उनके जैसे बल्ले मिलना कठिन है, मगर विदेशी बैटिंग मेकिंग कंपनी भारत में भी हैं तो उन्हें यहां बैट मिल सकते हैं, जिसके लिए प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। दिल्ली कैपिटल्स के एक सूत्र ने बताया, वे सभी हैरान हो गए जब उन्होंने सुना कि सभी के किट बैग से कुछ न कुछ सामान गायब है। यह पहली बार है जब इस प्रकार की घटना हुई है तथा मामले को जल्द ही लॉजिस्टिक डिपार्टमेंट, पुलिस और बाद में एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ उठाया गया है। जांच जारी है।

# लखनऊसुपर जायंट्स ने राजस्थान रायल्स को उसके घर में पीटा

जयपुर । मार्कस स्टोइनिस (21 रन और दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और आवेश खान ( 25 रन पर तीन विकेट) के कातिलाना प्रहार की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने राजस्थान रायल्स को उसके घर पर दस रन से हरा दिया।

सवाई मानसिंह स्टेडियम पर लखनऊसुपर जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 154 रन बनाये जिसके जवाब में राजस्थान रायल्स छह विकेट पर 144 रन ही बना सकी। इस हार के बावजूद रन औसत पर बेहतर होने के कारण राजस्थान आठ अंक के साथ अंकतालिका में पहले स्थान पर काबिज है जबकि लखनऊइतने ही अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।यशस्वी जायसवाल (44) और जोस बटलर (40) ने पहले विकेट के लिये 87 रन जोड़ कर राजस्थान के लिये अच्छी शुरूआत की थी मगर कप्तान संजू सैमसन (2) और बड़े शाट खेलने में माहिर शिमरन हेटमायर (2) के जल्द आउट होने से राजस्थान की पकड़ मैच में ढीली पड़ी। लखनऊके गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों की चुस्ती ने मेजबान को इस दवाब से उबरने नहीं दिया जो आखिर में जीत हार के बीच बड़ा अंतर साबित हुआ। आवेश खान ने देवदत्त पडिकल (26) और हेटमेयर के अलावा ध्रुव जुरेल (0) के उपयोगी विकेट लेकर मैच का पासा पलट दिया। इससे पहले स्टोइनिस ने यशस्वी और बटलर का विकेट चटका कर खतरनाक जोड़ी का अंत किया।

टास हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरे लखनऊ की शुरूआत अच्छी रही। काइल मेयर्स (51) और केएल राहुल (39) की ठोस शुरूआत के बाद हालांकि टीम को दीपक हुड्डा (2) और आयुष बडोनी (1) के रूप में दो झटके मिले मगर बाद के ओवरों ने निकोलस पूरन (29) और मार्कस स्टोइनिस (21) के बीच 45 रनों की तेज भागीदारी ने टीम को सात विकेट पर 154 रनो का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में मदद की। आईपीएल के महंगे खिलाडियों में एक हुड्डा एक बार फिर असफल साबित हुये।

राजस्थान की ओर से रविचंद्रन अश्विन को दो विकेट मिले जबकि जेसन होल्डर, ट्रेंट बोल्ट और संदीप शर्मा ने एक एक विकेट हासिल किया।

पारी के आखिरी ओवर में रन गति को बढाने के क्रम में जायंट्स ने तीन खिलाड़ी खोये। पहले स्टोईनिस को संदीप शर्मा ने विकेट के पीछे कैच करवा कर पवेलियन पहुंचाया जिसके बाद रन चुराने के चक्कर में पूरन रन आउट हुये।

# डब्लूटीसी फाइनल : मिचेल मार्श की ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में वापसी, वार्नर भी टीम में




मेलबोर्न ,। डेविड वार्नर, मैट रेनशॉ, मार्कस हैरिस और मिचेल मार्श को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और पहले दो एशेज टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में जगह मिली है।

17–सदस्यीय इस दल में ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान के सबसे तेज गेंदबाज लांस मॉरिस को जगह नहीं मिली है, जो पीठ की चोट के कारण कम से कम छह सप्ताह के लिए एक्शन से बाहर हैं। वहीं एक अन्य तेज गेंदबाज माइकल नेसर को नजरंदाज किया गया है, जबकि वह इंग्लैंड की परिस्थितियों के लिए एक बेहतर गेंदबाज हैं और वर्तमान में काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।भारत दौरे पर जाने वाली टीम से एश्टन एगर, पीटर हैंड्सकॉम्ब, मिचेल स्वेप्सन और मैट कुहेनमन को जगह नहीं मिली है, वहीं जॉश इंग्लिस टीम में एकमात्र नया चेहरा हैं। इस अनकैप्ड विकेटकीपर बल्लेबाज को एलेक्स कैरी के बैकअप के रूप में दल में शामिल किया गया है। टॉड मर्फी ने भी अपनी जगह बरकरार रखी है।


मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि इंग्लैंड की परिस्थितियां भारत से बिल्कुल अलग हैं, इसलिए कुछ ऐसे खिलाड़ियों को जगह मिली है जो वहां उपयोगी साबित हों। डब्ल्यूटीसी फाइनल और पहले दो एशेज टेस्ट के बाद टीम की समीक्षा होगी और अगले तीन एशेज टेस्ट के लिए दल का चयन किया जाएगा।भारत दौरे पर मध्यक्रम में खेले रेनशॉ ने तीन पारियों में सिर्फ चार रन बनाए थे और उन्हें नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में जगह नहीं मिली थी। लेकिन हाल ही में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेलते हुए न्यूजीलैंड ए के खिलाफ दो शतक जड़े। हालांकि इस दौरान उन्होंने सलामी बल्लेबाजी की और उन्हें डेविड वॉर्नर के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है, जो फिलहाल खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं और अपने करियर के आखिरी दौर में हैं। रेनशॉ के अलावा टीम में एक और सलामी बल्लेबाज विकल्प हैरिस भी हैं, जिनको सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में जगह भी मिली थी।

हरफनमौला मार्श को 2019 ओवल एशेज टेस्ट के बाद पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है, जहां उन्होंने पांच विकेट लिए थे। वह भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में बेहतरीन फॉर्म में थे और आईपीएल के दौरान उन्होंने गेंदबाजी भी की है। दल में कप्तान पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जॉश हेजलवुड और स्कॉट बोलैंड के रूप में सिर्फ चार प्रमुख तेज गेंदबाज हैं।

पूरा दल : पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जॉश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जॉश इंग्लिस, उस्मान. ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, टॉड मर्फी, मैट रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, डेविड वॉर्नर

## फिल्मी सफर

# इरफान की आखिरी फिल्म द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियंस का ट्रेलर रिलीज, वहीदा ने भी जमाया रंग




जब–जब बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकारों का जिक्रहोगा, तब तब इरफान खान का नाम जहन में जरूर आएगा। वह एक ऐसे कलाकार थे, जिनकी आंखें अभिनय करती थीं। अब अभिनेता के करियर की आखिरी फिल्म द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियंस रिलीज होने वाली है। अगस्त 2017 में स्विट्जरलैंड के 70वें लोकानो फिल्म समारोह में इस फिल्म का प्रीमियर हुआ था। आज यानी 19 अप्रैल को इसका ट्रेलर दर्शकों के बीच आ गया है।

ट्रेलर में इरफान अपने शानदार अभिनय से दिल जीतते दिख रहे हैं। उन्होंने प्रशंसकों के जहन में फिर अपनी यादें ताजा कर दी हैं। इरफान और वहीदा का राजस्थानी लहजा सुनने में अच्छा लगता है। इरफान के किरदार को नूरन (ईरानी अभिनेत्री गोलशिफ्थ फरहानी) से प्यार हो जाता है। वह उससे निकाह करने की बात कर रहा है। नूरन एक आदिवासी महिला है, जो स्वतंत्र है और अपनी दादी से बिच्छू–गायन की प्राचीन उपचार कला सीख रही है।फिल्म 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसे इरफान की तीसरी पुण्यतिथि के मौके पर दर्शकों के बीच लाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा बटोर चुके भारतीय फिल्म निर्देशक अनूप सिंह ने इसका निर्देशन किया है। इरफान के बेटे बाबिल खान ने बीते दिन अपने पिता की इस फिल्म का पोस्टर इंस्टाग्राम पर साझा कर लिखा, प्यार, धोखा और एक गाना। द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियंस का ट्रेलर 19 अप्रैल को रिलीज होगा।इस पोस्ट पर इरफान के प्रशंसकों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। यह साबित करता है कि प्रशंसक आज भी उन्हें कितना चाहते हैं। वेउन्हें जरा भी नहीं भूले हैं। हर कोई यह फिल्म देखने को उत्साहित नजर आया। फैंस ने लिखा, आज भी आपको याद करते हैं। ये फिल्म जरूर देखेंगे कई प्रशंसकों ने बाबिल का शुक्रिया अदा कर लिखा, धन्यवाद भाई, क्या बात है, दिन बना दिया, ये पोस्ट डालकर। एक और ने लिखा, सुकून मिलता है, इन्हें देखकर।29 अप्रैल, 2020 को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में इरफान 54 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गए थे। वह कैंसर से पीड़ित थे। 2018 में इरफान ने यह यह खुलासा किया था कि वह कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रहे हैं।इस फिल्म के निर्माता जीशान अहमद हैं।

उन्होंने कहा, यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मेरा नाम इस फिल्म के सह–निर्माता और फिल्म के एक प्रस्तुतकर्ता के रूप में जुड़ा है। हमें खुशी है कि इरफान की फिल्म जल्द ही देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिससे उनके प्रशंसकों को उन्हें आखिरी बार बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, मेरा विश्वास कीजिए फिल्म में इरफान का किरदार और अभिनय आपको मंत्रमुग्ध कर देगा।द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियंस 2017 में रिलीज हुई थी और इसने खूब वाहवाही लूटी थी, लेकिन यह फिल्म स्विस–फ्रेंच–सिंगापुर और राजस्थानी भाषा में बनी थी, इसलिए इरफान के प्रशंसकों के लिए इसे फिर से अब हिंदी भाषा में रिलीज किया जा रहा है।

# बैड बॉय का नया गाना इंस्टा विच स्टोरी जारी, 28 अप्रैल को दर्शकों के बीच आएगी फिल्म



भारतीय सिनेमा के जाने–माने निर्देशक राजकुमार संतोषी गांधी गोडसेः एक युद्ध की असफलता के बाद मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म बैड बॉय को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इससे अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी चक्रवर्ती फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाले हैं। इसमें वह अमरीन के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने बैड बॉय का नया गाना इंस्टा विच स्टोरी रिलीज कर दिया है।

फिल्म बैड बॉय में जॉनी लीवर, राजपाल यादव, दर्शन जरीवाला और शाश्वत चटर्जी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं नजर आने वाले हैं। यह फिल्म ने 28 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों को रिलीज होगी। बैड बॉय एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो एक मध्यवर्गीय लडके और एक उच्च शिक्षित लडकी के बीच की प्रेम कहानी के इर्द–गिर्द घूमती है। हाल ही में निर्माताओं ने बैड बॉय का ट्रेलर जारी किया था, जिसे प्रशंसकों द्वारा काफी प्यार मिला।फिल्म के बारे में बात करते हुए नमाशी चक्रवर्ती ने कहा, मैं बैड बॉय के साथ शुरुआत करने के लिए धन्य और भाग्यवान था। मेरा किरदार रघु बेपरवाह बिंदास का किरदार है और मैं व्यक्तिगत रूप से उससे खुद को सचमुच जोड़ता हूं। हमने दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए फिल्म में काफी मेहनत की है। हमें उम्मीद है कि दर्शकों को फिल्म देखने में उतना ही मजा आएगा, जितना हमें यह फिल्म बनाने में आया।अभिनेत्री अमरीन ने कहा, एक नए कलाकार के रूप में बैड बॉय के साथ शुरुआत करना और उद्योग के सबसे महान निर्देशकों में से एक राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

# खुशी दुबे ने फूड प्वाइजनिंग के बावजूद आशिकाना 3 की शूटिंग की



स्ट्रीमिंग सीरीज आशिकाना 3 में चिक्की की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री खुशी दुबे को हाल ही में फूड पॉइजनिंग का पता चला था, लेकिन उन्होंने समय सीमा को पूरा करने के लिए अपने हिस्से की शूटिंग जारी रखी। खुशी ने अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, मैं फूड पॉइजनिंग से पीड़ित थी और मैं ठीक नहीं थी।

मैं पूरे दिन बिना पानी के रही, असहज और उल्टी महसूस कर रही थी। मैं कुछ भी नहीं खा सकती थी और पूरा दिन बिना भोजन के बिताती थी। उस दौरान मुझे एक चुनौतीपूर्ण सीक्वेंस की शूटिंग करनी थी, जहां चिक्की पागलखाने से बाहर चली जाती है।खुशी ने खुलासा किया कि शो के सेट पर एक डॉक्टर ने उनसे मुलाकात की और उन्हें कुछ दवाएं दीं, ताकि वह काम कर सकें।खुशी ने कहा, मुझे अपनी बॉडी लैंग्वेज के माध्यम से चीखना, चिल्लाना और सारा दर्द, गुस्सा और पागलपन दिखाना था। वास्तव में, डॉक्टर सेट पर आए और उन्होंने मुझे दवाइयां दीं, ताकि मैं इस सीक्वेंस की शूटिंग जारी रख सकूं। शो की निर्माता गुल मैम ने मुझे आराम करने के लिए कहा था, चाहे शेड्यूल कितना भी टाइट और हेक्टिक क्यों न हो। आशिकाना का तीसरा सीजन डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।

# धमाल 4 में अजय के बाद अनिल कपूर और माधुरी की एंट्री, फिर धमाल मचाएगी तिकड़ी



पिछले कई दिनों से फिल्म धमाल 4 चर्चा में है और हो भी क्यों न, फिल्म की पिछली तीनों किश्तें हिट जो रही हैं। काफी समय से दर्शकों को इसके चौथे भाग का इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म होने वाला है। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि अजय देवगन एक बार फिर अगली किस्त में धमाका करते दिखेंगे, वहीं अब इससे अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित भी जुड़ गई हैं। तीनों मिलकर फिल्म में धमाल मचाने वाले हैं।फिल्म के निर्देशक इंद्र कुमार से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि अनिल और माधुरी को भी धमाल 4 का हिस्सा बना दिया गया है। कुमार ने दोनों सितारों को कहानी का आइडिया दिया, जिसे सुनते ही दोनों ने झट से चौथे भाग के लिए अपनी रजामंदी दे दी है। बता दें कि अनिल और माधुरी की जोड़ी धमाल के शुरुआती 2 भागों में नहीं थी। उनकी धमाकेदार एंट्री तीसरे भाग टोटल धमाल में हुई थी। 1992 में आई ड्रामा फिल्म बेटा में भी अनिल और माधुरी नजर आए थे और दोनों के अभिनय से सजी यह फिल्म भी सफल रही थी। खास बात यह है कि इस फिल्म का निर्देशन भी इंद्र ने किया था। इस फिल्म ने 5 फिल्मफेयर पुरस्कार अपने नाम किए थे। इसी फिल्म के सेट से निर्देशक के साथ अनिल और माधुरी की दोस्ती हुई थी, जो अब भी बरकरार है। अब तीनों फिर साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। अनिल–माधुरी की जोड़ी सुपरहिट रही है। उनकी फिल्में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर छा जाती थीं। दर्शकों को इनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार होता था। राम लखन, जमाई राजा और तेजाब जैसी कुछ फिल्मों ने तो दर्शकों को इनका दीवाना बना दिया था।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com